चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 269, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 29 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

'आतंकवाद पर गोलमोल बात नहीं हो सकती'

यूएन में जॉर्डन लाया प्रस्ताव, भारत ने मतदान में भाग नहीं लिया, विपक्ष भड़का

नई दिल्ली

भारत ने संयुक्त राष्ट्र आम सभा (यूएनजीए) में जॉर्डन की ओर से पेश गाजा में शत्रुता की समाप्ति के लिए तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान करने वाले गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव पर मतदान नहीं किया। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इसकी आलोचना की है। सूत्रों का कहना है कि यह फैसला इस बात से प्रेरित है कि आतंकवाद पर कोई गोलमाल बात नहीं हो सकती है।

यूएनजीए द्वारा शुक्रवार को गाजा में इजराइली बलों और हमास आतंकवादियों के बीच संघर्ष विराम के आह्वान का प्रस्ताव अपनाया गया। भारत ने इस पर हुए मतदान में भाग नहीं लिया। भारत ने जॉर्डन के प्रस्ताव पर कनाडा की ओर से पेश संशोधन के पक्ष में मतदान किया। इसमें इजराइल पर हमास के आतंकवादी हमले की निंदा की गई थी। हालांकि यूएनजीए में दो-तिहाई वोट नहीं मिलने के कारण प्रस्ताव को अपनाया नहीं जा सका।

सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के विशेष सत्र

में भारत का जोर 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए आतंकवादी हमलों की स्पष्ट निंदा किए जाने पर था। ह्यप्रस्ताव पर हमारा (भारत का) वोट हमारी दृढ़ और सुसंगत स्थिति से निर्देशित था। वोट की हमारी व्याख्या इसे व्यापक और समग्र रूप से दोहराती है। आतंक पर कोई गोलमोल बात नहीं हो सकती।

सूत्रों का कहना है कि भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के तनाव कम करने के प्रयासों और गाजा के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने का स्वागत करता है। भारत ने भी इस प्रयास में योगदान दिया है। हम बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और चल रहे संघर्ष में नागरिकों की जान के आश्चर्यजनक नुकसान से बहुत चिंतित हैं।

गाजा पर हमला: भारत का चुपचाप देखना गलत है: प्रियंका

गाजा में युद्धविराम के लिए मतदान करने से परहेज किया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि वे स्तब्ध और शर्मिंद हैं। भारत ने गाजा में युद्धविराम के लिए मतदान करने से परहेज किया है। जब मानवता के हर कानून को नष्ट कर दिया गया है, लाखों लोगों के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा आपूर्ति, संचार और बिजली काट दी गई है और फिलिस्तीन में हजारों

पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को नष्ट किया जा रहा है, तो स्टैंड लेने से इनकार करना और चुपचाप देखना गलत है।

इजराइल की थल सेना उत्तरी गाजा में घुसी

हमास की 150 सुरंगें और बंकर ध्वस्त, लेबनान को बेरूत एयरपोर्ट पर हमले की आशंका

तेल अवीव/यरुशलम/बेरूत

फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़ी जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। इजराइल ने गाजा पट्टी पर दुनिया के जमीनी हमला न शुरू करने की अपील और कुछ देशों की चेतावनी की परवाह न करते हुए कदम आगे बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। रातभर हवाई हमलों के बाद युद्ध के 22वें दिन शनिवार को इजराइल की थल सेना साजो-सामान के साथ उत्तरी गाजा में प्रवेश कर गई। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है।

इजराइली सेना के मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बताया कि थल सेना ने टैंकों के साथ उत्तरी गाजा में प्रवेश कर लिया है। युद्धक विमानों ने रात को गाजा पट्टी में हमलाकर हमास की 150 सुरंगों और बंकरों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि लेबनान की तरफ से उनके सैन्य ड्रोन को निशाना बनाते हुए मिसाइल दागी गई। हमारे सुरक्षाबलों ने मिसाइल हमले को निष्प्रभावी कर दिया। हगारी ने कहा कि गाजा के आसपास के कस्बों में खतरे के सायरन बजाकर हमास के ठिकानों पर आज रॉकेट दागे गए हैं। सबसे ज्यादा रॉकेट मैगन कस्बे में दागे गए। इस दौरान इजराइल की सीमा में घुस रहे हमास के नौसैनिक कमांडर को ढेर कर दिया

गया।

मुख्य सैन्य प्रवक्ता हगारी ने कहा कि इजराइली थल सेना गाजा में चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। अभी तक उनका कोई भी सैनिक हताहत नहीं हुआ है। इस दौरान हमास को भारी क्षति हुई है।

अन्य मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि लेबनान के अधिकारियों ने शनिवार को बेरूत रफीक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आसपास के क्षेत्र के लिए चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि जल्द से जल्द इसे खाली कर दिया जाए। यह चेतावनी हाल ही में इजराइल की सेना और हिजबुल्लाह के आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी के बाद जारी की गई है। चेतावनी में यह भी कहा गया है कि हिजबुल्लाह ने 2006 में दो इजराइली सैनिकों को पकड़ लिया था। इसके बाद इजराइल ने इस हवाई अड्डे के रन-वे पर एयर स्ट्राइक की थी। इस बार भी वह कभी भी एयर स्ट्राइक कर सकता है।

इस बीच कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के साथ इस युद्ध पर टेलीफोनिक चर्चा की है। शेख मोहम्मद ने कहा है कि कतर किसी भी बहाने से सामूहिक सजा को अस्वीकार्य करता है।

मोटे अनाजों के उत्पादन से बदलेगी बुंदेलखंड के किसानों की तकदीर- सूर्य प्रताप शाही

चित्रकूट

उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचकर भारतरत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख को नमन किया। इस दौरान उन्होंने मोटे अनाजों के उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि श्री अन्न की खेती से ही बुंदेलखंड की किसान की तकदीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि मोटे अनाजों के खाने से व्यक्ति का मानसिक व शारीरिक विकास होता है।

शनिवार को यूपी के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही राजकीय वायुयान से देवांगना एयरपोर्ट पहुंचे। जहां पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कृषि मंत्री सियाराम कुटीर पहुंचे। जहां उन्होंने दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की गरिमामयी उपस्थिति मे भारत रत्न से सम्मानित राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पाजलि अर्पित करते हुए कहा की नाना जी का जीवन प्रेरणा का अक्षय श्रोत है।

पीएम ने 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए

रोजगार मेले की यात्रा महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंची है। भाजपा शासित राज्यों में लगातार रोजगार मेला आयोजित हो रहे हैं : पीएम

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेले की यात्रा महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंची है। भाजपा शासित राज्यों में लगातार रोजगार मेला आयोजित हो रहे हैं। रोजगार मेला युवाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ इस पहल का समर्थन करने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नियुक्तियां की जा रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय समेत विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किये जायेंगे।

हिमाचल में कांग्रेस भी फेल और उनकी गारंटियां भी फेल: अनुराग

हमीरपुर

जितनी झूठी कांग्रेस उतनी ही झूठी इनकी गारंटियां। हमीरपुर के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय सूचना प्रसारण युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए राजस्थान में कांग्रेस की महिलाओं को हर माह दस हजार रुपए देने की गारंटी के सवाल के जवाब में यह बात कही है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में जो गारंटियां दी थी वह फेल हो गई हैं। 10 महीने प्रदेश में उनकी सरकार बने हुए हो गए हैं अभी तक प्रदेश की बहने इंतजार कर रही हैं कब 1500 रुपए उनके खाते में आएगा। दूसरी गारंटी कांग्रेस ने दी थी कि वह दो रुपए किलो गोबर खरीदेंगे पर नहीं खरीदा। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने बिजली के बिल माफ करने की बात कही थी अब वही बिल बढ़कर आ रहे हैं। पिछली सरकार में जो पानी के बिल माफ हुए थे अब वह बिल भी कांग्रेस सरकार ने देना शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस झूठी है और इनकी गारंटियां भी झूठी हैं। अनुराग ने कहा कि इनके झूठ में मत आना इन्होंने राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भी कहा था कि सबके कर्ज माफ करेंगे लेकिन नहीं किया। वहां यह भी कहा था कि बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन नहीं दिया था। हिमाचल में भी जब इन्होंने पिछली सरकार बनाई थी तब कहा था कि हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देंगे और बेरोजगारी भत्ते देंगे लेकिन वह भी नहीं दिया था। वहीं पैरा एशियाड में 100 से अधिक पदक प्राप्त करने पर एथलीट को बधाई देते हुए अनुराग ने कहा कि केंद्र सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम किया है और उसी की बदौलत है ।

बीजेपी विपक्ष को डराने का काम कर रही: खड़गे

नई दिल्ली

देश के पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम और राजस्थान में इस बाबत सरगर्मियां तेज हैं। इस बीच, राजस्थान में ईडी की हालिया छापेमारी को लेकर विवाद तेज हो गया है। विपक्षी पार्टियां पहले से ही मोदी सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाती रही हैं। अब इस ताजा कार्रवाई को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भड़क गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन छापेमारी से नहीं डरेगी और एक दिन भाजपा को भी इसे झेलना पड़ेगा।

खरगे ने आगे कहा कि 'वे (बीजेपी) गहलोत के चुनाव को बर्बाद करना चाहते हैं और कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं को डराना चाहते हैं। वह ऐसा हमेशा करते हैं लेकिन हम इससे नहीं डरेंगे और इसका मजबूती से सामना करेंगे। वह जो भी कर रहे हैं, वह सही नहीं है। हम 50 सालों से राजनीति कर रहे हैं लेकिन चुनाव के दौरान कभी भी ईडी, सीबीआई की छापेमारी नहीं हुई। लेकिन आज हो रही है क्योंकि वह सीएम से डरे हुए हैं लेकिन एक दिन उन्हें भी इसे झेलना पड़ेगा।'

गहलोत ने भी लगाया था भाजपा सरकार पर आरोप

इससे पहले, शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी भाजपा सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा गुंडागर्दी कर रही है। केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों के माध्यम से देश में आतंक पैदा कर दिया है। गहलोत ने देश के हालात को चिंताजनक बताते हुए कहा था कि भाजपा को लोकतंत्र में अपनी नीतियों, व्यवहार और सिद्धांतों के माध्यम से लोगों का दिल जीतने की कोशिश करनी चाहिए लेकिन वह 'गुंडागर्दी' का सहारा ले रही है।

सीएम धामी ने की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए अनुबंध तैयार

देहरादून

मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी चार पेयजल योजनाओं सिंतारगंज, किच्छा, रुद्रपुर और काशीपुर के लिए अनुबंध तैयार हो गए हैं।

इस बारे में बताया गया कि इन योजनाओं के निर्माण से जनपद के चारों शहरों में प्रतिदिन 24 घण्टे पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने नगर निगम, जल संस्थान तथा सम्बन्धित निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे योजना का भलि भाँति परीक्षण कर लें और डीपीआर का प्रस्तुतिकरण सभासदों एवं पार्षदों के सम्मुख कराया जाये ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न रहे। सम्बन्धित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों तथा अधिशासी अधिकारियों व नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि योजना के क्रियान्वयन हेतु जहां भूमि की आवश्यकता हो उसे तत्काल चिन्हित किया जाये और यदि सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है तो भूमि खरीद हेतु प्रस्ताव शासन में प्राथमिकता से भेजा जाये।

जल संस्थान की योजना के अनुसार के तहत प्रत्येक घर को पाइप लाइन द्वारा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 135 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री धामी ने अमृत कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

देशभक्ति सभी प्रकार की भक्तियों में सर्वश्रेष्ठ है: धामी

देहरादून

मुख्यमंत्री ने शनिवार को हिमालयन संस्कृति केन्द्र, निम्बूवाला, गढ़ी कैंट में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय अमृत कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि, वीरों की भूमि है, बलिदानियों की भूमि है, और ये बात हमारे सैनिकों ने अब तक हुए सभी युद्धों में सिद्ध की है। देश भक्ति सभी प्रकार की भक्तियों में सर्वश्रेष्ठ है। इस मौके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमें मेरी माटी, मेरा देश

अभियान के तहत उन वीरों की वंदना करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिन्होंने देश की माटी की खातिर अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस महाभियान में सबने अपनी भागीदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि अमृत कलश यात्रा में देवभूमि के सुदूरवर्ती अंचलों के 95 विकासखण्डों व 101 नगर - निकायों से 192 और नेहरू युवा केंद्र से 166 स्वयंसेवक उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह कलश यात्रा अमर शहीदों के त्याग व बलिदान को हमारे मस्तिष्क में चिरस्थाई रखने के उद्देश्य से संपूर्ण देशभर में ह्लमेरी माटी मेराह्व देश महाभियान के अंतर्गत चलाई जा रही है। इस यात्रा के तहत अमर शहीदों की तपोभूमि की मिट्टी को अमृत कलश में दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शहीद स्मारक तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह अमृत वाटिका की ओर से दिए गए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगी। एक राष्ट्र तभी महान बनता है, जब उसके नागरिकों के मन में अपने देश, अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा और अपने सामर्थ्य पर पूर्ण विश्वास एवं गर्व का भाव होता है।

मुख्यमंत्री ने औरैया को दी 688 करोड़ की 145 विकास परियोजनाओं की सौगात

निराश्रित बहनों के लिए महिला पेंशन की राशि बढ़ाने की करेंगे व्यवस्था : योगी

लखनऊ/औरैया

कोई समाज तब तक स्वावलंबी व सशक्त नहीं हो सकता, जब तक समाज में आधी आबादी सुरक्षित व सम्मान के साथ जीवनयापन न कर रही हो। इसे ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पूरी प्राथमिकता के साथ नई संसद का पहला सत्र मातृशक्ति को समर्पित किया। विधानसभा व लोकसभा में उनके लिए एक तिहाई सीटें रिजर्व हों और वे चुनकर आएं। यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने औरैया में कहीं। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि निराश्रित बहनों के

लिए पेंशन 1000 रुपये प्रतिमाह दी जा रही है, जिसे आने वाले समय में बढ़ाया जाएगा। आधी आबादी को सम्मान दिए बिना विकास की योजनाओं का मूल्य अधूरा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर तिरंगा मैदान से जनपद को 688 करोड़ की 145 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने कहा कि आधी आबादी को सम्मान दिए बिना विकास की योजनाओं का मूल्य अधूरा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत बेटी के जन्म लेने से स्नातक की पढ़ाई के लिए सरकार अब तक 15 हजार रुपए दे रही है। नए सत्र से इसे बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने का निर्णय लिया जा चुका है। डबल इंजन की सरकार ने तय किया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो बेटी की जिम्मेदारी सरकार लेगी।

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने पेश किया पांच साल का रिपोर्ट कार्ड

कहा- इस दौरान आतंकवाद का ग्राफ गिरा

पुलवामा

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने शनिवार को पांच साल का रिपोर्ट-कार्ड पेश किया, जिसमें कहा गया कि इस अवधि के दौरान कोई नागरिक मौत या आकस्मिक क्षति नहीं हुई है जबकि आतंकवाद के ग्राफ में भारी कमी आई है। पुलवामा जिले के सीटीसी लेथपोरा, पंपोर में 307 अधिकारियों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए डीजीपी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में शून्य शब्द

सबसे लोकप्रिय रहा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पांच साल के रिपोर्ट कार्ड से पता चलता है कि शून्य संपार्श्विक क्षति, शून्य कानून और व्यवस्था की घटना और शून्य नागरिक हताहत हुआ है।

अस्पताल संचालक को बंधक बनाकर जमकर पीटा

पांच लाख मांगी गई रंगदारी, मऊआइमा के गदियानी प्रयाग हास्पिटल के डाक्टर को कार में बैठा कर तमंचों से पीट कर किया गया बेहोश

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा के गदियानी स्थित प्रयाग अस्पताल के संचालक ने कतिपय लुटेरों पर बंधक बनाकर तमंचों से मार पीट कर बेहोश करने का आरोप लगाते हुए बदमाशों द्वारा पांच लाख रंगदारी मांगने का इल्जाम लगाते हुए बेहोशी की स्थित में फेंक कर भाग जाने का आरोप लगाते हुए मऊआइमा थाने में नामजद तहरीर दी है। बेहोश डाक्टर का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार चल रहा है। फिलहाल पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के पटटी निवासी डाक्टर भूपेंद्र कुमार पटेल पुत्र श्रीनाथ पटेल मऊआइमा के ग्राम गदियानी में प्रयाग हास्पिटल के संचालक हैं। डाक्टर भूपेंद्र कुमार पटेल का आरोप है कि शुक्रवार को दोपहर को उसके परिचित का एक युवक ने फोन करके बुलाया। आरोप है कि जबरियन कार में पहले से बैठे कतिपय लूटेरे उसे बंधक बनाकर कर तमंचों से मारे पीटे और हर माह पचीस हजार रंगदारी देने को कहे।यही नहीं डाक्टर भूपेन्द्र कुमार पटेल का आरोप है कि उसे उसके परिवार की हत्या की धमकी देते हुए एक कमरे में बंद कर पांच लाख रंगदारी मांगी गई और बेहोशी की हालत में बीती रात अस्पताल के पीछे फेंक कर भाग गए।जिसकी सूचना 112 नम्बर को दी गई और बेहोश डाक्टर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार चल रहा है।और कतिपय बदमाशों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई है। इस मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर सूर्य प्रकाश का कहना है कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है। फिलहाल जांच में मामला संदिग्ध प्रतीक हो रहा है।सीसी कैमरे में भी कुछ नहीं आया है न ही आस पास लोग कुछ बता रहे हैं।

महिला डॉक्टर से की गई मारपीट जान से मारने की दी गयी धमकी

अखंड भारत संदेश

सिरसा। यमुनापार मेजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी सिरसा के रामनगर बाजार में बीते 21 अक्टूबर की रात महिला डॉक्टर के घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने और तोड़फोड़ के मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मेजा थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार की रहने वाली गीता विश्वास ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया कि बीते 21 अक्टूबर की रात चार-पांच लोगों ने घर मे घुसकर गाली-गलौज करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दिया। विरोध पर मारपीट भी किया। मामले में पुलिस की लापरवाही के चलते चार दिन तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। वहीं जब इसकी सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस हरकत में आ गई। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी सचिन विश्वास,जूलिया सहित एक अन्य के विरुद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी और गाली-गलौज व तोड़फोड़ सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उक्त मामले में विवेचक पुलिस चौकी इंचार्ज जगदीश कुमार का कहना है कि जांच की प्रकिया पूरी होने के बाद आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इस घटना से समूचे व्यपारियो में आक्रोश देखने को मिला।

समाधान दिवस : 5 प्रार्थना पत्र आए, निस्तारण शून्य

एक ही फरियादी को बार बार लगाना पड़ता है चक्कर

शासन प्रशासन की उदासीनता से फरियादी को होना पड़ रहा मायूस

अखंड भारत संदेश

मांडा। यमुनापार का मांडा क्षेत्र प्रयागराज व जिगना मीरजापुर जनपद का अन्तिम छोर सत्तर किमी दूरी होने के कारण जिले का कोई सक्षम अधिकारी समाधान दिवस पर आना अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं। जिससे समाधान दिवस औपचारिकता बनकर रह जाती हैं और एक ही फरियादी कई बार समाधान दिवस पर चक्कर लगाता रहता हैं। शासन, प्रशासन की कार्यप्रणाली एवं उदासीनता से फरियादी मायूस होकर घर के लिए लौट जाते है। ऐसे ही धीरे- धीरे आयोजित समाधान दिवस से फरियादियों ने मुंह चिढ़ा कर मोड़ ले रहे हैं। अक्टूबर माह का अन्तिम शनिवार को थाना समाधान दिवस पर कोरांव तहसील से नायब तहसीलदार अनिल कुमार वर्मा व एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र के नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिसमे भूमि सम्बंधी पांच फरियादियों ने अपना प्रार्थना पत्र दाखिल किए लेकिन समाधान निस्तारण के नाम पर शून्य परिणाम आने से फरियादी मायूस होकर अपने घर के लिए लौट जाते हैं। लेकिन दबंगो के सामने शासन प्रशासन की एक भी न चलने से भू माफियाओं का गिरोह सक्रिय होते नजर आ रहे हैं और न्याय के लिए फरियादियों ने सरकार को दोषी ठहराते हुए तरह- तरह की बाते कर रहे हैं।समाधान दिवस पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय संधू, एसएसआई राम केवल यादव, अरुण कुमार शुक्ल आदि के अलावा राजस्व निरीक्षक नूर मोहम्मद, हल्का लेखपाल अशोक कुमार पाण्डेय सहित दर्जनों अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीसीपी यमुनानगर ने की जन सुनवाई

अखंड भारत संदेश

कोराव। थाना कोरांव में आयोजित शनिवार को समाधान दिवस में मुख्य अतिथि डीसीपी यमुनापार अभिनव त्यागी आईपीएस ने अचानक पहुंच कर फरियाद करने वालों के आवेदन प्राप्त कर संबंधित को तत्काल कार्यवाही के आदेश दिए,वहीं तहसीलदार कोरांव अजय संतोषी ने राजस्व विभाग से संबंधित विवादों को राजस्व और पुलिस बल के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। थाना दिवस में श्री त्यागी डीसीपी ने शिकायतों को संबंधित थाना अध्यक्ष को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। सबसे ज्यादा भूमि विवाद के मामले नजर आए। क्योंकि भू विवाद के ज्यादा तर मामले राजस्व कर्मियों के ही देन बताए जा रहे हैं। डीसीपी ने थाने के उप निरीक्षकों की क्लास ली और उनके द्वारा कृत कार्यवाहियों की समीक्षा भी की और अपराधों पर नियंत्रण तथा शांति एवम कानून व्यवस्था हेतु समुचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रामगढ़ पुलिस चौकी की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाई। और पीड़ितों की तहरीर को ध्यानपूर्वक संज्ञान ले कर कार्यवाही के भी आदेश थानाध्यक्ष को दिए। ठगी के मामलों की भी शिकायतें मिली,स्मार्ट वैल्यू लिमिटेड नामक एक सस्था द्वारा नौकरी के नाम पर दर्जनों युवतियों को मूर्ख बना कर धन ऐंठने की सामूहिक शिकायतें मिलने पर थाना अध्यक्ष को कार्यवाही का निर्देश दिया। संसारपुर की सेबिया बानो आदि ने ठगी की शिकायत की थी। सुखलाल शर्मा खजुरी के सरहगों द्वारा मकान न बनाने देने के मामले में डीसीपी ने सीधे थाना अध्यक्ष कोरांव को पर्याप्त पुलिस बल के साथ मकान निर्माण मामले में सहयोग किए जाने का निर्देश दिया साथ ही आश्वाशन भी दिया।

कौशल विकास अभियान : पीपीजीसीएल में 200 युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

बारा। युवाओं को स्किल्ड बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के कौशल विकास प्रोग्राम के तहत यूथ को स्किल्ड बनाकर रोजगार से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है। इसी क्रम में प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा 200 से अधिक युवाओं को विभिन्न प्रकार के ट्रेड में प्रशिक्षण दिया गया। प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड बारा (पावर प्लांट) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के पार्टनरशिप में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए प्रभावित गांवों के साथ-साथ आसपास से 200 युवाओं का चयन किया गया था। जिन्हे तीन माह का डाटा इंट्री ऑपरेटर, रिटेल एवं ऑफिस असिस्टेंट पद के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूरा होने के पश्चात सभी को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिंद्रा की विशेषज्ञ टीम ने आज की जरूरत के अनुरूप युवाओं को ट्रेनिंग दी। प्रशिक्षण के समापन मौके पर सीईओ अशोक पांडा, सीएफओ प्रसाद बागड़े, चीएफ ओएंडएम सर्विस एचएस पांडेय, सीएसआर हेड पंकज कुमार मौजूद रहे। सीएसआर हेड पंकज कुमार ने बताया कि ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं को इस सर्टिफिकेट कोर्स के आधार पर देशभर में कहीं भी नौकरी पाने में आसानी होगी। इस तरह के ट्रेनिंग ग्राम आगे भी चलाये जाएंगे।

महर्षि बाल्मीकि को नमन करना हम सबके लिए गर्व : नरेन्द्र सिंह

प्रयागराज। महर्षि बाल्मीकि को नमन करते हुए सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि जी प्रथम कवि थे। उन्होंने विछोह और करूणा से संयुक्त प्रथम श्लोक काव्य बोलकर कविता का प्रारम्भ किया था। उसके बाद उन्होंने रामायण सहित कई ग्रंथ लिखा था, महर्षि जी साधना मे इतनी शक्ति थी कि वो भविष्य द्रष्टा थे। आज उनकी जयंती शरद पूर्णिमा पर उन्हें नमन करना हम सबके लिए गर्व की बात है। आज समाजवादी पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश मे उनकी जयंती मनाई जा रही है ताकि नई पीढ़ी अपने महापुरुषों के बारे मे जिज्ञासु बने।

आज के बच्चे कल के भविष्य है : डॉ. बी के सिंह

सोनार का तारा स्थित गुलाब पत्ती इण्टर मीडिएट कॉलेज के पूर्व निदेशक की प्रतिमा का हुआ अनावरण

अखंड भारत संदेश

मेजा। अकोढा सोनार का तारा स्थित गुलाब पत्ती इण्टर मीडिएट कॉलेज के पूर्व निदेशक स्व.राजीव कान्त मिश्र की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. बी के सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जो उपस्थित लोगो मे सराहनीय रहा कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य है। बच्चो को अच्छी शिक्षा एव संस्कार देना अध्यापकों का परम कर्तव्य है। उन्होंने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए विद्यालय प्रबंधतंत्र का आभार व्यक्त किया ।इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उरुवा भोला गौतम ने भी बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए विद्यालय प्रबंधतंत्र को धन्यवाद दिया। इस मौके पर गौरव करवरिया, जय शंकर पांडेय, सुभाष प्यासी, विद्यालय के अध्यक्ष प्रेम सागर मिश्र प्रबंधक श्रीमती नीलम मिश्रा, प्रधानाचार्या, राजेश कुमार शुक्ला , उप प्रधानाचार्या, श्रीमती श्रेयशी शुक्ला, लिपिक अंजू मिश्रा, विजय शंकर, विजय प्रकाश शर्मा, प्रीतम पटेल, तथा सुधा मिश्रा आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य राजू समदरिया ने किया।

25वां सात दिवसीय जमुनापार महोत्सव 31 अक्तूबर से : डॉ पांडेय

कलश पूजन के साथ महापौर करेगें शुभारंभ, सात दिन सुनिए रामकथा में जुटेगें राष्ट्रीय संत

अखंड भारत संदेश

करछना। अपनी माटी परिपाटी, संस्कृति संस्कार, लोककला साहित्य और प्रतिभाओं को एक मंच पर संजो रहे 25वें जमुनापार महोत्सव का 31 अक्तूबर से शुभारंभ होगा।उद्घघाटन समारोह में मौजूद वेद पाठियों द्वारा मंत्रोच्चार,कई पवित्र नदियों से आनित जल से कलश का अभिषेक,पूजन,भजन,नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी के मुख्य आतिथ्य में मंच पर गणमान्यजनों की मौजूदगी रहेगी।सात दिवसीय महोत्सव में जहां जमुनापार के लोककलाकार प्रस्तुतियों पर समां बाधेगें वहीं विविध दिवसों पर रामकथा के पूर्व मंच पर जमुनापार स्तर की बच्चों की विद्यालयीय निबंध,वाद-विवाद, लोकगायन, लोकनृत्य, विज्ञान प्रोजेक्ट, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी।इसके अलावा कवि सम्मेलन आल्हा गायन, बांसुरी, सारंगी वादन और रामलीला जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। पांच नवंबर रविवार को विशेष कार्यक्रम के रूप में प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी के मुख्य आतिथ्य और राष्ट्रीय स्तर के वक्ताओं की मौजूदगी में संस्कृति एवं आचार्यजन सम्मेलन,सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने बताया कि पूर्व की परंपरा के अनुसार समापन दिवस पर जमुनापार के विविध क्षेत्रों की नामचीन विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। महोत्सव को सफल बनाने के लिए उन्होने जमुनापार के विद्वतजनों, समाजसेवियों, युवाओं, बुजुर्गो को कार्यक्रमों में शामिल होकर आयोजन को गौरवशाली बनाने की अपील की है।

भरत मिलाप पर निकली मनमोहक झांकियों को देखकर हजारों लोग हुए भाव-विभोर

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर। ।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भरत मिलाप के अवसर पर जंघई बाजार में व्यापारियों द्वारा शुक्रवार रात्रि से शनिवार सुबह तक निकली रंगबिरंगी आकर्षक भव्य चौकिंया एवं झांकी निकाली गई। जिसमें हनुमान दल अध्यक्ष हर्ष जायसवाल, राम दल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, युवा बजरंग दल अध्यक्ष निहाल जायसवाल, महाकाल दल अध्यक्ष आकाश यादव, शिव दल अध्यक्ष जमुना जायसवाल, बालाजी दल अध्यक्ष बाबी यादव, नव युवक चौकी समिति बजरंग दल जयप्रकाश भारतीय के नेतृत्व में कलात्मक झांकी, डीजे, रोड लाइट निकाली गई जिसमें उपस्थित हजारों नागरिकों का मन मोह लिया। झांकी बाईपास से प्रारंभ होकर बैंक रोड हनुमान नगर, चांदनी चौक, करवट काशी, गल्ला मंडी, गुड़ हट्टी, पुरानी पोस्ट आफिस होते हुए जंघई बाईपास पेट्रोल टंकी पर समाप्त हुई। चौकी विभिन्न स्वरुपों मे निकली जिसमें बजरंगबली, शिव तांडव, कालीमर्दन, काली तांडव, कृष्ण राधे की बरसाने की होरी, कृष्ण सुदामा मिलन आदि चारित्र पर सजीव प्रदर्शन देखकर उपस्थित हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर सड़क के दोनों तरफ उपस्थित हजारों लोगो ने जय श्रीराम हर हर महादेव के नारों के साथ चौकियों का स्वागत किया।चौकियों को देखने के लिए आतुर भक्तों की भीड़ सड़क पर दोनों तरफ पूरी रात जमा रहे, महिलाएं बच्चे आदि मकान की छतों बार्जों एवं सड़कों पर पूरी रात जमा रहे।सभी चौकियों के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई प्रथम स्थान हनुमान दल चौकी अध्यक्ष हर्ष जायसवाल को मिला।इस अवसर पर संरक्षक छेदीलाल जायसवाल, पप्पू जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, राजेश जायसवाल, महेंद्र जायसवाल मून्नू, बबलू जायसवाल, मुकेश जायसवाल, विवेक जायसवाल, इंद्रजीत ऊमरवैश्य, प्यारेलाल, छोटेलाल सोनी, कल्लू जायसवाल, अमित प्रधान, रमेश जायसवाल, विनोद, राजू, काजू, नेमचंद्र, रामचंद्र, धीरज, गुड्डू, संजय, विजय, अमित, चांद भाई, शेरु अहमद, अंशुमान, रवि, जिम्मी, विक्की सिंगर, बंटी, अभिषेक, ऋषि, गौरव, रिक्की, मिथिलेश, अवधेश, पवन, गोलू, धीरज, नीरज, विरंदू, आकाश सहित हजारों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

कंपनी के फजीर्वाड़े की पुलिस से हुई शिकायत

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवो की एक साथ थाने पहुंची पांच युवतियों ने कोरांव बाजार में चिट फंड कंपनियों के फजीर्वाड़े की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित युवतियों ने आरोप लगाया है कि स्मार्ट वैल्यू लिमिटेड कंपनी के द्वारा नौकरी का झांसा देकर हम लोगों से 13-13 हजार रुपए जमा कर लिए गए। यह बताया गया था कि 12 हजार रुपए प्रति महीने सैलरी दी जाएगी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद एक भी रुपए नहीं दिया जा रहा है। युवतियों ने काफी दिनों से कोरांव में यह गोरख धंधा चलने का आरोप लगाया है। युवतियों ने बताया है अब तक तकरीबन सैकड़ो लोग से अधिक ठगी का शिकार हो चुके हैं। नामजद शिकायती पत्र देकर चिट फंड कंपनी के शाखा संचालकों पर विधिक कार्यवाही की मांग की है। युवतियों की शिकायत पर पुलिस ने नामजद लोगों को थाने पर बुलाकर पूछताछ कर रही थी। देखना है इस तरह से धोखाधड़ी व ठगी करने वाले कंपनियों के लोगों पर पुलिस किस तरह की कार्यवाही करती है। या फिर मामला एक दास्तान ही बन कर रह जाएगा।

संत प्रवर के जन्मोत्सव पर 35 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

झूंसी। सद्गुरु सदाफलदेव आश्रम के सदाफल आरोग्यम चिकित्सालय में संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज के 45वें जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन विहंगम योग संत-समाज प्रयागराज एवं विहंगम योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। शिविर में अनुयाइयों ने 35 यूनिट रक्तदान की सेवा प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विहंगम योग संदेश पत्रिका के संपादक सुखनंदन सिंह ने रक्तसेवा-मानवसेवा के संबंध में अपने विचार रखे। शिविर में बेली अस्पताल से आए हुए डॉ. हेमंत, डॉ. अजय मिश्रा एवं उनकी टीम मौजूद थीं। आश्रम के विजय बहादुर सिंह, महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद एवं प्रयागराज संत-समाज के संयोजक राम बाबू केसरवानी के साथ आश्रम के शिष्य-शिष्याएं एवं अनेक क्षेत्रों से आए हुए रक्तदान सेवी भी उपस्थित थे। रक्तदान शिविर का आयोजन विहंगम योग संस्थान के द्वारा भारत ही नही विश्व भर के आश्रमो में प्रतिवर्ष 28 अक्टूबर को संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर दिव्यांग चिह्नांकन शिविर आयोजित

मांडा। उपकरण, प्रमाणपत्र व अन्य जांच के लिए 28 अक्तूबर को मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर दिव्यांग शिविर का आयोजित किया गया। शनिवार को मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर दिव्यांग चिह्नांकन शिविर आयोजित किया गया। दिव्यांग शिविर में डॉ.रणधीर सिंह आर्थोसर्जन, डॉ जय शंकर पटेल मनोरोग चिकित्सक, साइकोलाजिस्ट, डॉ आनन्द जायसवाल नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र सर्जन द्वारा राजिस्ट्रेसन 211, यूडीआईडी 28, सी एम ओ सर्टिफिकेट 84, कृत्रिम अंग 18, पेंशन 9, टी/सी 28, डब्ल्यू/सी 5, एमटीसी 11, कान मशीन 4, छोटी कान मशीन 5, वैशाखी 2, एमआर कीट 2 आदि दिव्यांगों को चिंहीकरण कर उनको दवा, उपकरण व प्रमाणपत्र देने के लिए अग्रिम तिथि निर्धारित की गई है।

समितियों में डीएपी की कमी से किसान हो रहे परेशान

मांडा । विकास खंड मांडा के तमाम साधन सहकारी समितियों में डीएपी खाद न मिलने के कारण किसान समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। वही साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद की जगह एपीएस खाद की आपूर्ति की जा रही है। किसानों का कहना है कि इस समय आलू की बोवाई कर रहे जिसमें डीएपी खाद की नितान्त आवश्यकता होती है। एपीएस खाद से केवल गेह, सरसों, मटर आदि की ही बोवाई की जा सकती है। किसानों ने प्रसाशन से मांग की आलू बोवाई के लिये डीएपी खाद उपलब्ध कराया जाये। जिससे किसान आलू की बोवाई अक्टूबर माह में समय से हो सके।

श्री राम अनंत हैं उसी तरह उनकी कथा कीर्ति भी अनंत है

हनुमानगंज। श्री राम चरित मानस प्रचारिणी समिति कोटवां के तत्वाधान मे चल रहे पाँच दिवसीय संगीत मय राम कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा ब्यास पं.शिवम शुक्ल महाराज ने उपस्थित भक्तगणों को संगीतमय राम कथा रसपान कराते हुए कहा कि संसार मे भक्त और भगवान दोनों ही कल्याणकारी होते हैं। रामकथा कहने और सुनने मात्र से ही मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। राम कथा कल्पवृक्ष है जो भी भक्त इस वृक्ष के नीचे सच्चे मनसे ईश्वर की शरण मे जाता है तो निश्चित रूप से उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। व्यास ने यह भी कहा कि जिस प्रकार श्री राम अनंत हैं उसी तरह उनकी कथा कीर्ति भी अनंत है। वहीं दूसरे वक्ता स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा सरष भाषा मे रचित रामचरित मानस को सभी ग्रंथों का सारांश बताया कहा कि इसमें सभी ग्रंथ समाहित हैं इसका अध्ययन करने मात्र से मनुष्य के जीवन में आने वाला हर संकट नष्ट हो जाता है।

पूर्व खंड व्यवस्थापक आरएसएस के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



सहसों। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ स्वयं सेवक एवं पूर्व खंड व्यवस्था प्रमुख सहसों बाजार निवासी पुरुषोत्तम लाल गुप्ता उर्फ टंडन के निधन पर आरएसएस पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति तथा सहसों बाजार के व्यापारियों सहित स्वयंसेवकों ने उन्हें श्रद्धा सुमन के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोगों ने मृतक आत्मा की शांत के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में आरएसएस के जिला कार्यवाह इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, रामचंद्र केसरवानी, चन्द्रेश केसरवानी, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, सोहनलाल केसरवानी, शीतला प्रसाद गुप्ता, डॉ प्रमोद गुप्ता, अमित जायसवाल, सोनू गुप्ता, मोनू गुप्ता, बऊ यादव, बजरंगी लाल यादव, भोला यादव, अमित गुप्ता फौजी, मानिकचंद गुप्ता, सुभाष मौर्य एवं मनीष कुमार साहू सहित आदि लोग रहे।

अमृत कलश, घर -घर की मिट्टी संग्रह कार्यक्रम सम्पन्न

मांडा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कस्बे के विभिन्न मोहल्लों मे नगर पंचायत द्वारा फेरी निकाली गई। तथा विभिन्न मोहल्लों में घरों व आंगन की मिट्टी ली गई। जो चर्चा का विषय दिन भर बना रहा। कस्बा भारतगंज मे नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि शकील अहमद टंकी के अगुवाई में नगर पंचायत कर्मचारियों व अन्य सामाजिक प्रतिनिधि कार्यालय पर बड़ी संख्या एकत्रित हुए। जिनको चेयरमैन प्रतिनिधि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के आजादी के लिए बलिदान देने वालों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। तथा उन्हीं अमर शहीदों के याद मे दिल्ली मे शहीद स्मारक सरकार द्वारा बनवाया जायेगा। जिसके लिए देश के गांवों व शहरों के कोने कोने से मिट्टी जा रही है। इसलिए कस्बे के विभिन्न मोहल्लों व घरों एवं आंगनकी मिट्टी भी उक्त शहीद स्मारक निर्माण मे जा रही है। जो गौरव का विषय है। इसके बाद चेयरमैन प्रतिनिधि के नेतृत्व मे बैनर व झंडे लेकर जूलूस के शक्ल मे बस अड्डा, तेलहा टोला, त्रिमुहानी मंगलवारी बाजार, चिकान, गुरू का तालाब, कदम रसून शुक्रवारी बाजार, सोनकर बस्ती, गारोपुर, कटरा आदि मोहल्लों में भ्रमण कर फेरी निकाली गई। तथा घरों व आंगन की मिट्टी ली गई। उक्त दौरान मुख्य रूप ईओ बंटी कुमारी, पूर्व सभासद मुश्ताक अहमद उर्फलुल्ली, बड़े बाबू चन्दन सिंह पटेल, मानिक चंद मिश्रा, विनोद सोनकर, अफरोज अंसारी, इस्माईल खां, शमशाद उर्फ लप्पू आजा खां, साहिद खां, आशीष शर्मा, खालिद अंसारी, पाल आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

पीईटी में धांधली का प्रयास, दो मुन्नाभाई समेत तीन गिरफ्तार, एक मूल अभ्यर्थी भी शिकंजे में

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा में शनिवार को दो मुन्नाभाई समेत तीन लोग पकड़े गए। गिरफ्तार आरोपियों में से एक मूल अभ्यर्थी है, जिसने अपनी जगह पर अन्य को परीक्षा में बैठाया था। शिवकुटी व सिविल लाइंस स्थित परीक्षा केंद्रों पर यह धांधली पकड़ी गई। तीनों पर परीक्षा अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस लिखा गया है। परीक्षा के लिए शिवकुटी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर व सिविल लाइंस स्थित रानी रेवती देवी इंटर कॉलेज को भी केंद्र बनाया गया था। सूत्रों के मुताबिक, दोनों केंद्रों पर परीक्षार्थियों के सत्यापन के लिए अंगूठे के निशान व आई स्कैनिंग तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया। इस दौरान दोनों केंद्रों पर एक-एक परीक्षार्थी के बायोमीट्रिक पहचान का मिलान नहीं हो सका। इस संबंध में आयोग कंट्रोल रूम से सूचना केंद्र प्रबंधन और पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सख्ती से पूछताछ की तो शिवकुटी स्थित केंद्र पर जैकी शर्मा व सिविल लाइंस स्थित केंद्र पर प्रमोद यादव दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गए। जैकी ने बताया कि वह आशीष यादव की जगह पर परीक्षा में बैठा था। यह भी बताया कि आशीष परीक्षा केंद्र के बाहर ही मौजूद है। इस पर पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसे भी पकड़ लिया।उधर प्रमोद ने बताया कि वह उमेश यादव की जगह परीक्षा देने पहुंचा था। तीनों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ में जुटी रही। एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में से दो सॉल्वर और एक मूल अभ्यर्थी है। तीनों से पूछताछ चल रही है।

दोनों सॉल्वर बिहार के रहने वाले

पकड़े गए दोनों सॉल्वर बिहार के पटना के रहने वाले हैं। दोनों ने पूछताछ में बताया है कि वह पटना स्थित कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। एक खास बात यह भी है कि दोनों ही मूल अभ्यर्थी, आशीष व उमेश यादव गाजीपुर के हैं। फिलहाल, यह नहीं पता चल सका है कि दोनों सॉल्वरों का मूल अभ्यर्थियों से संपर्क कैसे हुआ। इस बात की भी आशंका है कि दोनों किसी गिरोह के सदस्य भी हो सकते हैं। हालांकि, पुलिस देर शाम तक यही कहती रही कि दोनों केंद्रों पर पकड़े गए सॉल्वरों या मूल अभ्यर्थियों के बीच कोई कनेक्शन फिलहाल नहीं मिला है।

एसआरएन अस्पताल में नर्स की मौत पर हंगामा

प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में स्टॉफ नर्स की मौत के बाद तीमारदारों ने हंगामा कर दिया। अस्पताल में ही कार्यरत नर्स शशि भारती का प्रसव इसी अस्पताल में हुआ था। प्रसव के 24 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घंटों तक अस्पताल में हंगामा करते रहे। बाद में अस्पताल प्रशासन के समझाने-बुझाने बाद शव को घर ले गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो डॉक्टर उसे प्राइवेट अस्पताल ले जाने की सलाह देने लगे।मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि स्टॉफ नर्स का सिजेरियन हुआ था। वह सामान्य स्थिति में आ गई थी लेकिन कैसे हुई मौत हो गई इस संबंध में संबंधित डॉक्टर से बात कर रहा हूं।मायके में ही रहकर करती थी नौकरी मृतका का मायका झूंसी में ही है। उसकी शादी मेरठ के जगदीशपुर में अविनाश भारती के साथ हुई थी। वह मायके में ही रहकर एसआरएन अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर यहां नौकरी करती थी। वह 9 माह की गर्भवती भी थी। पति अविनाश ने बताया कि 2 दिन पहले ही पत्नी को बुखार आया तो उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शशि की तबीयत में सुधार होने के बाद इसी अस्पताल में डॉक्टरों ने ऑपरेशन से प्रसव कराया।शुक्रवार को दोपहर के बाद अचानक शशि की तबीयत बिगड़ गई लेकिन उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने प्राइवेट अस्पताल में ले जाने को कहा। इसके बाद वह पत्नी को सरस्वती हार्ट केयर में ले गए। वहां भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने दोबारा एसआरएन में बुला लिया। यहां इलाज में लापरवाही की गई है। डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

न्यूज झरोखा...

शनिवार को सूतक से पहले मंदिरों के कपाट हुए बंद

प्रयागराज। शनिवार को बंधवा में श्री बड़े हनुमानजी का मंदिर समय से पहले आरती पूजन किया गया। इसके बाद कपाट बंद हो गए। शनिवार को लगने वाला चंद्र ग्रहण भारत में भी दिखेगा। यहां इसका सूतक पूर्ण रूप से माना गया है। चंद्र ग्रहण का सूतक शनिवार शाम चार बजे से लग गया। सूतक काल के दौरान किसी भी तरह के शुभ कार्य नहीं किया जाएगा। मंदिरो के कपाट बंद कर दिये गये। दर्शन और पूजन के लिए लोग अब सुबह होने का इंतजार करेंगे। शनिवार को शहर के प्रमुख मंदिरों श्री बड़े हनुमानजी, कल्याणी देवी, अलोप शंकरी देवी मंदिर, ललिता देवी सहित हनुमत निकेतन, मनकामेश्वर, पड़िला महादेव, आदि मंदिरों समय से पहले आरती पूजन किया गया। इसके बाद कपाट बंद हो गए। श्रद्धालु मंदिर के बाहर बैठकर कीर्तन और भजन करते रहे। उमानाथ मिश्रा ने बताया कि इस चंद्रग्रहण का स्पर्श शनिवार की रात में 1 बजकर 25 मिनट से होगा। मध्य रात में 1 बजकर 44 मिनट पर होगा और इसका मोक्ष रात्रि 2 बजकर 24 मिनट पर होगा। देर रात ग्रहण के बाद सुबह पांच बजे के बाद ही मंदिरों में पूजन होगा।

सीबीएसई क्लस्टर- फुटबॉल दुनार्मेंट ईस्ट जोन (ब्वायज) का उद्घाटन समारोह

नैनी। नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रयागराज के सुरम्य प्रांगण में सी.बी.एस.ई क्लस्टर-श फुटबॉल दुनार्मेंट ईस्ट जोन (ब्वायज) का शुभारंभ दिनांक 28.10.23 को बड़े ही जोश एवं उत्साह से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवनीत सिंह चहल, ज़िलाअधिकारी, प्रयागराज के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलन के साथ विद्यालय की अध्यक्षा सोनू सिंह, प्राचार्या डॉ. सुजाता सिंह, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में किया गया। झंडारोहण के पश्चात राष्ट्रगान से डी. पी. एस. प्रांगण गुंज उठा। खेल में भाग लेने वाली लगभग 57 टीमों ने मार्चपास्ट के भव्य प्रदर्शन द्वारा सभी को सम्मान देने के साथ सबका स्वागत किया। मेहमान के रूप में आई हुई टीमों का परिचय कराने के पश्चात विद्यालय की प्राचार्या डॉ सूजाता सिंह ने सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हुए अपने वक्तव्य द्वारा बताया कि खिलाड़ी में जीतने से ज्यादा मिलजुल कर समूह में खेलने, परस्पर भाई चारे की भावना होनी चाहिए । अतः सभी खिलाड़ियों को इन्हीं स्वस्थ एवं नेक विचारों के साथ खेल के मैदान में उतरना चाहिए। गीत नुत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने वातावरण को रंगीन बना दिया। मुख्य अतिथि ने भी अपने वक्तव्य द्वारा बच्चो में जोश एवं उत्साह भर दिया। आई हुई टीमो द्वारा शपथ ग्रहण करने के पश्चात नई उमंग के साथ खेल का शुभारंभ हुआ।

अनियंत्रित गाड़ी गड्ढे में गिरी एक की मौत, चार घायल

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल बांध रोड पर शुक्रवार की रात अनियंत्रित सफारी गाड़ी खंभे से टकराकर गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शंकरगढ़ का मूल निवासी प्रशांत केसरवानी (24) पुत्र राकेश केसरवानी शाहजी का पूरा एडीए कॉलोनी में रहता था। वह अपने चार दोस्तों शहबाज (22) पुत्र वाजिद अली, मोहम्मद आदिल (32) पुत्र वसीम, मोहम्मद सोहेल (22) पुत्र मोहम्मद इस्लाम व वसैफ निवासीगण शाहजी का पूरा के साथ सफारी गाड़ी से बांध रोड पर गया था। यमुनापुल के नीचे गाड़ी अनियंत्रित होने से हादसा हुआ। एसआरएन अस्पताल में डॉक्टर ने प्रशांत को मृत घोषित कर दिया।

नैनी स्टेशन रोड पर पीडीए द्वारा नाप जोक हुआ

नैनी। नैनी स्टेशन रोड पर लेप्रोसी चौराहे से मेवालाल की बगिया तक महाकुम्भ के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए नैनी रेलवे स्टेशन रोड पर शनिवार को दशहरे बाद पीडीए के अधिकारियों द्वारा रेलवे दीवाल से मकान पर 12 मी नाप कर लाल चिन्ह लगाया गया और जल्द से जल्द मकान उतने एरिया तक खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया जिसमें नैनी मलहरा फटाक से अग्रवाल मेडिकल स्टोर तक 12 मीटर पर निशान लगाया गया। पीडीए कि इस कार्रवाई से कुछ स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है एवं कुछ इससे उदास भी हैं।

राज्याभिषेक समारोह पर एक शाम राम के नाम

प्रयागराज। राम लीला भरत मिलाप के अवसर पर भव्य एक शाम,राम के नाम का आयोजन हुआ।जिसमे मुंबई से आए सुप्रसिद्ध भजन टी सिरीज गायक,सूर्य प्रकाश दुबे व उनका पूरा राधे राधे रॉक बैंड ने दिव्य प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया। जहां एक तरफ सूर्या ने राम जी के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के रामायण सिरियल के भजनों की प्रस्तुति,राम कहानी सुनो रे राम कहानी, राम भक्त ले चला रे राम की निशानी जैसे सावन की झड़ी सहित तमाम भजन गाए वही दूसरी तरफ सुभा मालवीय ने भी कई भजन सुनाए लोगो की आंखे नम हो गई।सूर्या जी के इस कॉन्सेप्ट को लोगो ने खूब सराहा। खूब वाहवाही मिली। अंत में राम लीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश जैसवाल , महापौर गणेश केसरवानी ने सूर्या दुबे और उनके बैंड को सम्मानित किया ।इस अवसर पर भजन गायक सूर्या का कहना है कि कार्यक्रम में थोड़ा चेंज होना चाहिए प्रयागराज में अपडेट करता रहूंगा यहां के लिए मैं हमेशा खड़ा हूं यहां का बचा हूं। कभी प्रयाग के लिए ना नहीं करुंगा।

महर्षि विश्वामित्र ने राजा दशरथ से मांगे राम लक्ष्मण

नैनी। नैनी जन सेवा समिति रामलीला के तीसरे दिन मुनि आगमन, ताड़का वध एवं मारीच दरबार की लीला का मंचन हुआ ` महर्षि विश्वामित्र राक्षसों के विनाश एवं संतों की रक्षा के लिए राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को मांगते हैं ` पहले तो राजा दशरथ तैयार नहीं होते किंतु गुरु वशिष्ट के समझाने पर राम लक्ष्मण को महर्षि विश्वामित्र को सौंप देते हैं` वन मार्ग में राक्षसी ताड़का महर्षि विश्वामित्र पर आक्रमण करती है राम उसको एक ही बाण से मार देते हैं` राम के हाथों मारे जाने से उसकी मुक्ति हो जाती है` ताड़का वध से ऋषि- मुनि प्रसन्न हो जाते हैं और राम लक्ष्मण को आशीर्वाद देते हैं` अगले दृश्य में मारीच अपने दरबार में राग रंग में मस्त दिखता है` कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन यादव, विनय सिंह, हरिशंकर सिंह, आरएलडी दुबे, आर के शुक्ला, रवि सिंह, मनोज सिहं, नीरज मिश्रा, शशि सिंह, बजरंगी लाल, नीलू केसरवानी, पिंटू नेपाली, मुकेश तुर्कैल, दिलीप गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, शीलवंत सिंह, बलराम माली, मुरलीधर शर्मा आदि ने सहयोग किया।

सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री लाइक करना क्राइम नहीं

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- ऐसे पोस्ट शेयर करना अपराध है

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि सोशल मीडिया पर किसी अश्लील पोस्ट को लाइक करना अपराध नहीं माना जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने आगे यह भी कहा है कि ऐसे सामग्री को साझा करना या दोबारा पोस्ट करना यह अपराध हो सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपनी एक टिप्पणी में कहा कि इस तरह के पोस्ट को साझा करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत प्रसारण माना जाएगा।यह दंडनीय माना जाएगा। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह आगरा के मोहम्मद इमरान काजी के खिलाफ आईटी अधिनियम की धारा 67 और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत लंबित आपराधिकक कार्यवाही को रद करते हुए टिप्पणी की। **लाइक करने पर काजी पर चल रहा था मुकदमा :** दरअसल, किसी अन्य की व्यक्ति की पोस्ट को लाइक करने के कारण काजी पर मुकदमा चल रहा था। जज ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा, मुझे ऐसी कोई सामग्री नहीं मिली जो आवेदक को किसी आपत्तिजनक पोस्ट में जोड़ सकें। क्योंकि आवेदक को किसी आपत्तिजनक पोस्ट में जोड़ सकें। क्योंकि आवेदक के फेसबुक और वाट्सएप पर कोई पोस्ट उपलब्ध नहीं है।

इलाज के दौरान युवक की मौत

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंदावा सहसो मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने वाले युवक का इलाज के दौरान शनिवार को स्वरूप रानी अस्पताल में मौत हो गई। युवक अपने पिता के साथ शादी विवाह में खाना बनने का काम करता था। मालवा बुजुर्ग निवासी शहजादे 35 वर्ष पुत्र मो. फहीम शुक्रवार को गांव के सामने रोड पार करते वक्त अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए एसआरएन में भर्ती कराया गया था। जहा उसकी मौत हो गई।

अशरफ की पत्नी जैनब को हाईकोर्ट से राहत नहीं, याचिका खारिज

प्रयागराज। माफिया अशरफ की फरार बेगम जैनब फातिमा को इलाहाबाद हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने जैनब की गिरफ्तारी पर रोक की मांग में दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। याची का कहना था कि उमेश पाल हत्या केस में दर्ज एफआईआर में उसे नामित नहीं किया गया था। उमेश पाल की पत्नी जया पाल सहित अन्य के धारा 161 के बयान में भी उसका नाम नहीं लिया गया।सह अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। सह अभियुक्तों के बयान के आधार पर उसे फंसाया गया है। उसके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। इसलिए उसको गिरफ्तारी से संरक्षण दिया जाए। हाईकोर्ट ने आरोप की गंभीरता को देखते हुए हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।बता दें कि जैनब फातिमा की ओर से गिरफ्तारी पर रोक की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। जस्टिस वी के बिड़ला और जस्टिस विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने यह आदेश दिया है।

जैनब पर गंभीर आरोप : 24 फरवरी को प्रयागराज में हमलावरों ने उमेश पाल और दो सरकारी गनर पर फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी थी। जैनब फातिमा पर उमेश पाल की हत्या करने वाले शूटरों को फरार होने में मदद करने का आरोप लगाया गया है।

जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की शनिवार को जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में अंतर्गत संचालित समस्त कार्यक्रमों की गहनता से समीक्षा किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गये। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का प्रतिदिन जनपद में 10,000 गोल्डन कार्ड तथा प्रति ब्लॉक 500 गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा में शंकरगढ़, सोरांव, हंडिया, करछना एवं जसरा ब्लॉक में गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति अत्यंत निम्न रहने पर उक्त ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षकों एवं बीडीओ की पूर्व में रोके गए वेतन को उपलब्धियों में सुधार होने तक निर्गत नही करने का निर्देश दिया गया। जेएसवाई, टीकाकरण, एचडब्ल्यूसी कार्यक्रम, परिवार नियोजन आदि कार्यक्रमों सहित आवश्यक कार्यों की शासन से जारी दिशानिर्देश के अनुसार करने की अनुमति भी प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पांडेय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अरुण कुमार तिवारी, समस्त एसीएमओ/ डिप्टी सीएमओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद कुमार सिंह, समस्त चिकित्सा अधीक्षक आदि ने भाग लिया।

कल तक रहे वनवास, आज राम राजा बने हैं

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी सार्वजनिक रामलीला पीएसी मे शुक्रवार को राम राज्याभिषेक की लीला का भावपूर्ण मंचन वरिष्ठ रंग कर्मी प्रिया मिश्रा के कुशल निर्देशन में हुआ` सर्वप्रथम गुरु वशिष्ठ राम का राजतिलक करते हैं फिर सभी विप्रवर तिलक करते हैं` राम का राज्याभिषेक होते ही चारों ओर राजा रामचंद्र की जय के जयकारे गुंजने लगते हैं। तत्पश्चात सार्वजनिक रामलीला समिति के अध्यक्ष राकेश जायसवाल अपनी धर्मपत्नी आकांक्षा जायसवाल के साथ भगवान राम का तिलक करते हैं` महामंत्री नयन कुशवाहा ने भी भगवान राम का तिलक किया` सार्वजनिक रामलीला समिति के सभी पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने कृमशः भगवान राम का तिलक किया` राजतिलक के उपरांत भगवान राम, माता सीता सहित राज सिंहासन पर विराजते हैं। भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न एवं हनुमान जी राम दरबार की शोभा बढ़ा रहे हैं। रामराज्याभिषेक की खुशी में कलाकारों द्वारा अत्यंत सुंदर डांडिया एवं ढ़ेड़िया नृत्य प्रस्तुत किया गया। रामलीला समिति के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने रामलीला निर्देशक प्रिया मिश्रा, समस्त कलाकारों, तकनी शियनों, पुलिस प्रशासन, पत्रकार बंधुओ, दानदाताओं, नगर निगम, विद्युत विभाग, रामलीला समिति के पदाधिकारियों एवं रामलीला प्रेमी दर्शकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया` इसी के साथ इस भव्य रामलीला समारोह का विराम हुआ ` कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल, महामंत्री नयन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष दिलीप केसरवानी, आर के शुक्ला, आकांक्षा जायसवाल, जूही जायसवाल, शालू चड्ढा, समर बहादुर सिंह, पार्षद मयंक यादव, पार्षद पवन यादव, धीरेंद्र यादव, शिव तिवारी, सिद्धू पांडेय, सागर गुप्ता, प्रमोद सिंह, हरे कृष्ण तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, रण विजय सिंह, दीपू जायसवाल, वीरेंद्र शर्मा, बृजेश सिंह, गुरु प्रकाश राव, शिव शंकर दीक्षित, शिव शंकर मिश्रा, सुरेश पटेल, धनंजय सिंह, सुधीर चड्ढा, सचीन्द्र वैश्य धर्मराज पटेल पिंटू जैन गुड्डू गुडविल गैरेज आदि ने सहयोग किया।

शरद पूर्णिमा पर संगम में लगी आस्था की डुबकी

सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच रहे गंगा के तट पर

प्रयागराज। यूपी के प्रयागराज मेंशरद पूर्णिमा पर्व पर आज शनिवार को सुबह से संगम पर स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। संगम किनारे काफी लोग पूजा-पाठ करने के साथ ही ध्यान भी लगा रहे हैं। संगम से वीआइपी घाट, बलुआघाट पर भी लोग स्नान के लिए पहुँचे हैं। श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। हरिद्वार में हर की पैड़ी के ब्रह्म कुंड क्षेत्र में गंगा में स्नान के लिए श्रद्धालु की भीड़ उमड़ पड़ी है. गंगा स्नान को देखते हुए यूपी सिंचाई विभाग ने 400 क्यूसेक पानी हर की पैड़ी क्षेत्र में छोड़ दिया था, जिससे श्रद्धालु खुश हैं।

एनसीजेडेसीसी में लगे शिल्प मेले में साई बंधुओं ने बांधा समां,कलाकारों ने दी एक से बढकर एक रंगारंग प्रस्तुतियां

प्रयागराज। आकर्षक वेशभूषा, कलाप्रेमियों का ध्यान खींचते सजे -धजे चेहरे और पैरों से बजती घुंघरूओं की छम-छम से सांस्कृतिक केंद्र का मुक्ताकाशी मंच इस अंदाज में विभिन्न राज्यों से पधारे कलाकार थिरके तो लोक कलाओं का संगम जैसे हिलोरे इस गुलाबी ठंड में मारने लगा। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग प्रस्तुतियों से पूरा महौल खुशनुमा हो उठा। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत 13 दीपावली शिल्प मेला के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत प्रयागराज के उभरते नवोदित कलाकार साई ब्रदर्स ने सिंथसाइजर वादन से की। 11 साल के आशित साई और 6 साल के आरव साई ने ऐसी प्रस्तुति दी की पूरे परिसर में मौजूद लोगों ने तालिया की गूंज से दोनो का इस्तकबाल किया।इसके बाद वाराणसी के व्याख्या केंद्र के बच्चों ने "पिया मेंहदी लगा दे मोती झील से एवं सुना बलम अलबेला, दिखाई देत ई शिल्प मेला की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मध्य प्रदेश से आए नदीम राईन एवं दल ने "नैना बंध लागे कहियो, इमली की चटनी और आम को पानो और चीखों मोरी भौजी, जो केसों बनो" गीत पर बधाई लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर खूब तालिया बटोरी। भोजपुरी गायक नीरज पाण्डेय ने एनसीजेडेसीसी में शिल्प मेला घुमा दा सईयां जी ,धनियां सोना का पहिरबू झूठी शान हौवे गीत की प्रस्तुत कर पंडाल में बैठे दर्शक आनंदित हो उठे। संगत कलाकारों में भगवान दास बैन, राकेश बंसल, आशुतोष बंसल साथ दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पीयूष मिश्रा ने किया।आपको बता दे उत्तर मध्य संस्कृतिक केंद्र के परिसर में शिल्प मेला लगा हुआ है जिसमें देश के कोने-कोने से आए शिल्पकार अपना हुनर दिखा रहे हैं और कई तरह के सामान बिक रहे हैं। शिल्प मेला के हर दिन शाम के वक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि जो लोग खरीदारी के लिए आ रहे हैं वह शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी लुत्फ उठा सके।

राष्ट्र निर्माण में देश की बेटियां -महिलाएं अपनी भागीदारी निभा रही हैं : सासंद रीता जोशी

करछना विधानसभा में भाजपा नारीशक्ति वंदन सम्मेलन में उमड़ा महिलाओं का हूजूम

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयागराज हमारे यहां माता की पूजने की संस्कृति है। यहां तो गंगा-यमुना-सरस्वती की धरा है। हमारे भारत वर्ष को भारत माता के नाम से जानते हैं इस लिए सर्व प्रथम हम भारत माता की जय-जयकार करेंगे। देश की आधी आबादी माताओं बहनों को 50 वर्ष पूर्व जो आरक्षण रूपी सम्मान मिल जाना चाहिए था वह पिछड़ी सरकारों ने नहीं दिया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सामाजिक राजनैतिक जीवन में रहते हुए इसकी जरूरत समझी, एजेंडा बनाया और आधी आबादी की चिंता करते हुए 33% महिलाओं को आरक्षण देकर लोकसभा और राज्यसभा में विल को पूर्ण बहुमत से पास करा कर नारीशक्ति वंदन अधिनियम रूपी जो सम्मान दिया वह अभिनंदनीय है। जिसकी साक्षी प्रयागराज की दो-दो सांसद बहनें प्रो.रीता बहुगुणा जोशी व सांसद केशरी देवीं पटेल रहीं हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करते हैं उक्त बातें विधानसभा करछना में आयोजित नारीशक्ति वंदन सम्मेलन को ब्लाक परिसर में शनिवार को मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सभा को सम्बोधित करते हुए कही और आगे बताया कि मोदी-मोदी की सरकार ने जिस प्रकार प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश और देश में महिलाओं बेटियों को सुरक्षा और गुंडा माफिया मुक्त माहौल दिया वह बार-बार अभिनंदनीय है। श्री निषाद ने प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की तमाम योजनाओं को गिनाया। सांसद इलाहाबाद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा राष्ट्र निर्माण में महिलाएं अपनी भागीदारी निभा रही है। भारत के प्रत्येक क्षेत्र महिलाओं और बेटियां ने अपना परचम लहराया है। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे ज्यादा भागीदारी महिलाओं की है। अब तो लखपति दीदी योजना आई है,आने वाले समय में एक करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे अब पुरुष से महिला कम नहीं है। अब प्रदेश और देश में बेटियां मोटरसाइकिल से लेकर प्लेन तक बेटियां चलाकर हम सब को सुरक्षा देने का कार्य कर रहीं हैं। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने भी तमाम सरकारी योजनाओं को गिनाकर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा ने करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव रखा जिसे मौजूद सभी महिलाओं ने हाथ उठाकर समर्थन किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इससे पूर्व राज्यमंत्री और सांसद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं सासंद का अंगवस्त्रम् व बड़ी माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। संचालन आस्था पांडेय ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रीता पासवान, शोभा द्विवेदी, लीला गुप्ता, कल्पना तिवारी, रामेश्वरी देवी, शोभा द्विवेदी, अंजू पाठक, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, राजकुमार मिश्र, आशीष मिश्रा, अमरेश तिवारी, रिंकू सिंह, इन्द्रजीत पटेल आदि के साथ भारी संख्या में महिलाओं का हूजूम मौजूद रहा।

पांच चिकित्सा अधीक्षकों का रोका वेतन

प्रयागराज। जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक आज शनिवार को कलेक्ट्रेट में हुई। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक में स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। सीडीओ ने एक एक योजनाओं के बारे में गहनता से जानकारी हासिल की और अधिकारियों से सवाल किए। आयुष्मान भारत (प्रधानमंत्री जन आरोग्य) योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा में शंकरगढ़, सोरांव, हंडिया, करछना एवं जसरा ब्लॉक में गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति धीमी पायी गई। इसके लिए इन संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों एवं बीडीओ की पूर्व में रोके गए वेतन को उपलब्धियों में सुधार होने तक रोकने का निर्देश दिया है।इसी तरह जेएसवाई, टीकाकरण, एचडब्ल्यूसी कार्यक्रम, परिवार नियोजन आदि कार्यक्रमों सहित आवश्यक कार्यों की शासन से जारी दिशानिर्देश के अनुसार करने की अनुमति भी प्रदान किया गया। पात्र लाभार्थियों का प्रतिदिन जनपद में 10,000 गोल्डन कार्ड तथा प्रति ब्लॉक 500 गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सीएमओ डॉ. आशु पांडेय समेत सभी एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, सभी अस्पतालों के अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओ ने लगाई गंगा मे आस्था की डुबकी

परियावां, प्रतापगढ़। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर शनिवार को कालाकांकर गंगा घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओ ने पवित्र गंगा नदी मे आस्था की डुबकी लगाई गंगातट किनारे पानी का कटान होने के कारण कगार गिर रहा था जिससे श्रद्धालुओ को स्नान करने के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ा घाट किनारे स्नान मे हो रही दिक्कत को देखते हुए शासन प्रशासन की तरफ से कोई ब्यवस्था नही की गई जिससे श्रद्धालुओ को स्नान के दौरान परेशानी न हो सके। शनिवार को चंद्र ग्रहण के लगने से स्नान करने वालो की भारी भीड़ रही। बताया जाता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा धरती के करीब रहता है जिसमे चन्द्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण रहता है। मान्यता है कि इस दिन चन्द्रमा से निकलने वाली किरणों से अमृत की वर्षा होती है। श्रद्धालुओ ने गंगा स्नान करने के बाद मां गंगा की पूजन अर्चन करके मंदिरो में जाकर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया इसके बाद अपने अपने घर के लिए रवाना हो गये।

फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से हो: डीएम

डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस पर थाना जेठवारा एवं मानधाता में सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जेठवारा एवं थाना मानधाता में पहुँचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिये।

थाना समाधान दिवस की जनसुनवाई करते डीएम-एसपी।

जेठवारा थाना समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व सम्बन्धी 05 शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर शिकायतों के निस्तारण हेतु भेजा। उन्होने वहां पर उपस्थित लेखपालों के आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन भी किया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इसी प्रकार थाना मानधाता में शिकायतकताओं की 04 शिकायतें प्राप्त हुई और शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर भेजा गया। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के सम्बन्धित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें। उन्होने लेखपालों को निर्देशित किया कि राजस्व सम्बन्धी जो भी प्रकरण है उसके निस्तारण में यदि गड़बड़ी पायी जायेगी तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस, सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य जो जनसुनवाई के दौरान समस्यायें प्राप्त होती है।

निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें और समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से गुणवत्तायुक्त कराया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। उन्होने पुलिस अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि यदि राजस्व सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हो तो सम्बन्धित लेखपालों के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण करायें। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

न्यायालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

प्रतापगढ़। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ शाखा प्रतापगढ़ के पदाधिकारियों ने न्यायालय के विशाल सभागार में शपथ ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कुमार पाण्डेय तथा सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्या सिमरन त्रिपाठी ने अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री पारसनाथ यादव, संरक्षक संतोष कुमार तिवारी, राम कृपाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र रावत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रभान सिंह, मंत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, संगठन मंत्री दीक्षा केसरी, प्रचार मंत्री सुभाष वर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप मिश्रा, उप कोषाध्यक्ष योगेन्द्र सहित समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन संदीप मिश्रा ने किया।

लक्ष्मी गोंड को प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

टीएलएम प्रतियोगिता में लक्ष्मी गोंड ने टॉप टेन में बनाया अपना स्थान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राज्य हिंदी संस्थान, उत्तर प्रदेश, वाराणसी में आयोजित दो दिवसीय राजकीय/सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों हेतु हिंदी विषय का राज्य स्तरीय टी. एल. एम. प्रतियोगिता 2023-24 में जनपद प्रतापगढ़ से अपने जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसूलहा प्रतापगढ़ की हिंदी अध्यापिका लक्ष्मी गोंड ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। राज्य हिंदी संस्थान उत्तर प्रदेश वाराणसी द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जनपदों से जिले स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ एक शिक्षक को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभा करने हेतु बुलाया गया था। जिन में से 65 जिलों से 65 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद प्रतापगढ़ का नाम रोशन करते हुए, टॉप 10 में अपना स्थान बनाते हुए लक्ष्मी गोंड ने अष्टम स्थान प्राप्त किया।

विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

पट्टी, प्रतापगढ़। मूर्ति विसर्जन के बाद भक्तो द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार को दिन में हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया तो शाम को मूर्ति विसर्जन किया गया जिसमें सभी लोग डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए विसर्जन के लिए निकले। पट्टी तहसील स्थित रामगंज बाजार में श्री राम जानकी दुर्गा पूजा समिति का आयोजन किया गया था। पूजा पंडाल में लाइट एवं डीजे के मामले में क्षेत्र का सबसे अधिक प्रभावशाली होने के कारण डीजे कंपटीशन तथा लाइट के मामले में नंबर वन रहने पर समिति को पुरस्कृत किया गया। शुक्रवार को दिन में विशाल भंडारे में भक्तों की भारी भीड़ ने जमकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और उसके बाद शाम को मूर्ति विसर्जन डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए किया। मूर्ति विसर्जन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस चैकी इंचार्ज लक्ष्मीकांत सेंगर भी शामिल रहे। सभी लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर प्रभात जोखन सिंह, अरुण सिंह, विनोद वर्मा, अमित, अशोक, रोहित, परमानंद, सदानंद मुकेश गुप्ता राजेश, अमरनाथ, राजेंद्र वर्मा, मुकेश, कुंदन, गोलू, सोनू शिव बाबू उमेश आदि लोगों मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चैकी इंचार्ज लक्ष्मीकांत सेंगर द्वारा किया गया।

मां विंध्यवासिनी दर्शन यात्रा को डा0 आशुतोष ने किया रवाना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ। शनिवार को दसवीं जगत जननी मां विंध्यवासिनी दर्शन यात्रा भगवा चुंगी स्थित जनसंपर्क कार्यालय से मां विंध्यवासिनी के धाम के लिए प्रस्थान की। समस्त भाक्त जनों को डॉ आशुतोष त्रिपाठी पूर्व प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी सदर विधानसभा ने माता रानी की चुनरी दिखाकर प्रस्थान कराया।

सभी भक्त जन माता रानी का जयकारा लगाते हुए मां विंध्यवासिनी धाम को प्रस्थान किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर आशुतोष त्रिपाठी के प्रतिनिधि सुशील मेहरोत्रा जगदीश मौर्य रंजना विश्वकर्मा देवी प्रसाद मिश्रा अजीत कुमार तिवारी रेनू श्रीवास्तव सुशील कुमार श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

दर्शन यात्रा को झण्डी दिखाकर रवाना करते डा0 आशुतोष त्रिपाठी।

मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित हुए 25 मेधावी बाल वैज्ञानिक

16 नवम्बर से आयोजित होगी विज्ञान प्रदर्शनी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। 51वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2023 का दो दिवसीय समापन संपन्न हुआ। प्रदर्शनी का मुख्य विषय समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व उप विषय में स्वास्थ्य, कृषि, जीवन, संचार एवं परिवहन तथा कम्प्यूटेशनल सोच आदि रहे।

सम्मानित निर्णायक मंडल के रूप में संतोष मिश्रा वरिष्ठ प्रवक्ता गणित राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, शिखा त्रिपाठी विज्ञान एवं गणित अध्यापिका राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, एवं परवेज अहमद विज्ञान एवं गणित विशेषज्ञ, सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ रहे। प्रधानाचार्य गरिमा श्रीवास्तव की देखरेख में सभी सम्मानित निर्णय मंडल द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के मॉडल को बड़ी गहनता के साथ निरीक्षण किया गया और सावधानीपूर्वक परिणाम तैयार किया गया, जिसको प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ द्वारा परिणाम घोषित किया गया और चयनित छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिये 25 मेधावी बाल वैज्ञानिक व एक अध्यापक का चयन हुआ। नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद अनीस ने बताया कि जनपद स्तर से चयनित सीनियर और जूनियर वर्ग में सभी उप विषयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त स्थिर एवं क्रियाकारी मंडल स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में 16, 17 एवं 18 नवंबर को प्रयागराज में अपने गाइड शिक्षकों के साथ आवश्यक रूप से प्रतिभाग करेंगे। मुख्य अतिथि एवं सम्मानित निर्णय को द्वारा प्रमुख रूप से प्रशंसा किए गए।

विज्ञान प्रदर्शनी का परिणाम बनातीं निर्णायक मण्डल की सदस्य।

धान क्रय केन्द्रो पर कृषकों को किसी भी प्रकार की न हो समस्या: जिलाधिकारी

कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद कार्यशाला का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु धान खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में डिप्टी आरएमओ जितेन्द्र यादव ने बताया कि वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपए प्रति कुन्तल (कामन धान) एवं रुपए 2203 रुपए प्रति कुन्तल (ग्रेड ए) निर्धारित किया गया है।

खरीफ विपणन के अन्तर्गत खाद्य विभाग के 31, पीसीएफ के 30, पीसीयू के 17, मण्डी के अन्तर्गत संचालित एफपीओ 01 व भारतीय खाद्य निगम के 01 कुल 80 धान क्रय केन्द्र खोले गये है। जनपद में धान क्रय का लक्ष्य 90000 मीट्रिक टन निर्धारित की गई है जिसे क्रय संस्थाओं के मध्य विभाजित कर दिया गया है। समस्त केन्द्र प्रभारियों को ई-पॉप डिवाइस उपलब्ध करा दी गयी है। जनपद में दिनांक 27 अक्टूबर 2023 तक 3240 कृषकों द्वारा धान विक्रय हेतु विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा चुका है तथा 630 कृषकों का सत्यापन कार्य कर लिया गया है। हाईब्रिड धान के सम्बन्ध में कृषक का घोषणा पत्र अथवा हाईब्रिड बीज खरीद प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से केन्द्र प्रभारी द्वारा प्राप्त कर केन्द्र पर रखा जायेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कृषकों के जो पंजीकरण कराये जायें उसमें आधार कार्ड एवं बैंक के एक ही मोबाइल नम्बर हो जिससे कोई समस्या न उत्पन्न हो। जनपद में जो भी क्रय केन्द्र है वहां पर पेयजल, कृषकों के बैठने की सुविधा, वाहन पार्किंग, प्रकाश, कृषक के धान की देखरेख, किसानों के धान की सुरक्षा हेतु तिरपाल आदि की समस्त व्यवस्था पूर्ण कर ली जाये। छोटे कृषकों पर विशेष ध्यान दिया जाये, उनके धान को क्रय करने हेतु प्राथमिकता दी जाये। धान क्रय केन्द्र पर 02 इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, विनोईंग फैन एवं पॉवर डस्टर व डबल जाली का छलना तथा एनॉलिसिस किट आवश्यक रूप से रखा जाये। मण्डी परिषद के गेट पर बड़े-बड़े फ्लैक्सी बोर्ड एवं बैनर लगाये जाये। वालपेन्टिंग आदि के माध्यम से धान क्रय हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाये। धान क्रय केन्द्रों पर जो भी किसान आये उन्हें वापस कदापि न लौटाया जाये, उनका धान क्रय किया जाये। केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केन्द्रों के बाहर लिस्ट चस्पा कर दी जाये जिससे किसानों को जानकारी मिल सके कि उनका नम्बर कब तक आयेगा। समस्त केन्द्रो पर बोरों की पर्याप्त व्यवस्था रहनी चाहिये। केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि किसानों का भुगतान 72 घंटे के अन्दर कराया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि धान क्रय केन्द्रों पर है समस्त अभिलेख रखे जाये और उसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का अंकन किया जाये, जिससे निरीक्षण के दौरान समस्त जानकारी प्राप्त हो सके तथा केन्द्र पर कर्मचारियों की तैनाती रहे। धान क्रय करने में पारदर्शिता होनी चाहिये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। धान क्रय केन्द्रो पर किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इस पर विशेष ध्यान दिया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, डिप्टी आरएमओ जितेन्द्र यादव सहित समस्त केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहे।

नीलगाय की टक्कर से मैजिक डाला पलटा, चालक की मौत, दो घायल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नीलगाय की टक्कर से एक मैजिक डाला पलट गया जिससे मौके पर ही मैजिक चालक की मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया। बता दें कि प्रयागराज से टाटा मैजिक पर डीजे का सामान लादकर बीती रात सुल्तानपुर मेला ले जा रहे थे। इसी बीच नगर कोतवाली क्षेत्र के भुपियामऊ चैकी क्षेत्र के अन्तर्गत डगैंता गांव के समीप मैजिक पहुंचा तो अचानक से सामने आए नीलगाय से मैजिक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। इससे मैजिक चालक सुरेंद्र पटेल (27) की मौके पर मौत हो गई जबकि साथी सूरज पटेल (30), पंकज पटेल (23) की हालत गंभीर हो गई। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे भुपियामऊ चैकी प्रभारी राहुल कुमार ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां से दोनों घायलों को प्रयागराज के लिये रेफर कर दिया। चालक के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। बता दें कि ये सभी लोग मीरापुर प्रयागराज के निवासी हैं। मैजिक पर लदे डीजे साउंड व लाइट और जनरेटर को अपने कब्जे में लेकर पुलिस चौकी सुरक्षित ले गए।

मारपीट में युवक की मौत के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से किया इंकार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थानान्तर्गत जमालपुर गांव में पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की रात युवक का शव घर लाया गया। शनिवार सुबह मारपीट से युवक की हुई मौत को लेकर लोगों में गम के साथ आक्रोश भी बढ़ चला। परिवार के लोग शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार करते हुए सुरक्षा, आर्थिक सहायता आदि की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंचे एसडीएम व सीओ के घंटो समझाने और मांगे पूरी कराने का आश्वासन देने के बाद परिवार के लोग किसी तरह माने। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गये।

विधायक, एसडीएम, सीओ के घंटो मानमनौवल के बाद किसी तरह माने परिजन

लीलापुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी रामराज वर्मा उर्फ एन्थोनी पुत्र पंचम वर्मा के साथ छब्बीस अक्टूबर को पड़ोसी गांव पुतईपुर निवासी राकेश पाण्डेय, सोनू पाल, आकाश वर्मा, संजय कोरी आदि ने मारपीट की थी। स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज के दौरान घायल रामराज की सत्ताईस अक्टूबर को दोपहर में मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र संदीप वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर राकेश पाण्डेय, सोनू पाल, आकाश वर्मा व संजय कोरी पर पिता की हत्या का आरोप लगाया। इधर पीएम के बाद रात में शव घर लाया गया। अगले दिन शनिवार सुबह गम और गुस्से के बीच परिवार के लोग मृतक आश्रित को पचीस लाख की आर्थिक सहायता व पांच बीघा जमीन तथा एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, शस्त्र लाइसेंस व आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। परिवार के लोगों ने मांगे पूरी न होने तक मृतक के शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सूचना पर क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल व एसडीएम लालधर यादव, सीओ रामसूरत सोनकर, एसओ सुभाष यादव फोर्स के साथ पहुंचे।

करीब पांच घंटे तक चले मानमनौवल व मांगों को पूरा कराने का आश्वासन देने के बाद परिवार के लोग किसी तरह माने। इसके बाद मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया। एसओ सुभाष यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, नामजद सभी चारों आरोपियों की गिरफ्तारी की गयी है।

मृतक के पुत्र की तहरीर पर दर्ज मुकदमें के सभी चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हनुमान मंदिर चिलबिला व वृद्धाश्रम महुली में स्थापित प्रतिमा का हुआ विसर्जन

विसर्जन के लिये जाते भक्तगण।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जय मां दुर्गा पूजा हनुमान मंदिर तालाब एवं वृद्धाश्रम महुली की देवी प्रतिमा का विसर्जन एक साथ सई घाट पर किया गया। वृद्धाश्रम के वृद्ध दादा-दादी एवं हनुमान मंदिर में स्थापित प्रतिमा के भक्तों ने गाजे बजे के साथ मां का विसर्जन किया। हनुमान मंदिर में स्थापित प्रतिमा एवं चंद्रयान 3 के रूप में बने पंडाल के संचालक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि हनुमान मंदिर पर भक्तों के सहयोग से हर वर्ष यहां पंडाल अलग-अलग रूपों में बनाया जाता है। इस बार चंद्रयान-3 के रूप में बने पंडाल को भक्तों ने बहुत सराहा एवं अपार भीड़ उमड़ रही थी। इस बार वृद्धाश्रम में रह रहे दादा-दादी के लिए भी मां की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिससे वहां अपनों के सताए वृद्धजन माँ की पूजा अर्चना कर अपना जीवन सफल बना सके। इस अवसर पर मानसिंह, सूरज, श्याम बाबू, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, शनि महाराज, सोनू महाराज, आशीष कुमार, आदर्श कुमार, प्राची गुप्ता, पीहू गुप्ता, राकेश कुमार, विजय बाबू, अंबिका प्रसाद, अमन गुप्ता, विवेक कुमार, आयुष गुप्ता, विकास कुमार, ऋषभ, सूरज उमरवैश्य, आशीष लाइट,सुरेश माली, जय राम दादा, शिव बाबू, गयादीन, हीरालाल, लाल जी, रामबोध, धर्मेंद्र कुमार, अतुल सिंह, संतोष कुमार, मेवालाल, आशिक अली, रामचंद्र, रामकुमार, शीला, अनारकली, प्रभु देवी, सरिता, सुशीला, अमरावती, आरती आदि ने माता के विसर्जन में उपस्थित रहे।

पराली प्रबंधन पर आयोजित किसान गोष्ठी में मौजूद किसानगण।

पराली प्रबन्धन पर आयोजित हुई किसान गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। सक्षम फाउण्डेशन द्वारा विकास खण्ड कालाकांकर के संग्रामपुर गॉव में पराली प्रबन्धन पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि खेती-बारी में मजदूरों की घटती संख्या तथा समय पर मजदूरों की अनुपलब्धता के कारण किसानों को धान की कटाई के लिए मशीन का उपयोग करना मजबूरी है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन सिंह ने पराली प्रबन्धन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने कहा कि एक फसल के बाद दूसरी फसल की जल्दी बोवाई करने के चक्कर में अक्सर किसान पहली फसल के अवशेषों को खेत में जला देते हैं। फसल अवशेषों को जलाये जाने से जहॉ मृदा की उर्वरा शक्ति में कमी आती है वहीं अवशेषों से निकलने वाले धुएं से पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुँचता है। इस अवसर पर सक्षम फाउंडेशन के सचिव मनीष सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ यतेन्द्र कुमार, जी. आर. पटेल, अरूण शुक्ला, बजरंगी यादव, छेदी लाल यादव, छोटे लाल यादव, शिवम, विजय यादव सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना मंझनपुर में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें थाना मंझनपुर में कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने थाना चरवा में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। थाना चरवा में कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी चायल नायब तहसीलदार थाना अध्यक्ष चरवा हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक पुलिस चौकी इंचार्ज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कडा धाम थाने में आयोजित हुआ समाधान दिवस, कुल 3 मामले आए सामने

कड़ा कौशाम्बी। शनिवार को कड़ा धाम थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी जन समस्याएं रखी।थाना दिवस में सबसे अधिक मामले राजस्व से संबंधित सामने आए जिसे कड़ा धाम थाना अध्यक्ष ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए ।इस मौके पर उपनिरीक्षक अजय सिंह उपनिरीक्षक रणजीत सिंह, सुनील सिंह, उमेंद्र प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज अब्बू नगर सुनील गुप्ता सहित कडाधाम थाना स्टाफ मौजूद रहा।

समाधान दिवस : फरियादियों के साथ न्याय पूर्ण हो समस्याओं का निस्तारण : एसओ कोखराज

कोखराज कौशाम्बी। समाधान दिवस में कोखराज थाना में फरियादियों की समस्याओं को कोतवाल ने सुना और न्याय दिलाने के लिए कानूनगो व लेखपाल को कहा शिकायती पत्रों को सुनते हुए कोतवाल ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए उन्होंने कहा कि निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी जबकि एक मामला जबरन हरे महुआ का पेड़ जो गोदाम पर राला में काटने का आया था जिस जमीन में मुकदमा चल रहा था उसी में वन विभाग हरा महुआ कटा रहा था तभी दूसरे मालिक को यह जानकारी हुई तो उसने थाना समाधान में एसओ कोखराज से लिखित शिकायत दर्ज करायी जिस पर लेखपाल से जानकारी ले कर तत्काल हरे पेड़ को काट रहे लकड़ी माफियाओं को बुलाया और कहा कि जब तक निर्णय न हो तब तक कोई भी पक्ष लकड़ी नही ले जायेगा।

माता-पिता ही प्राथमिक शिक्षक होते हैं : संजय कुमार गुप्ता पूर्व विधायक

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। भरवारी स्थित एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस संगोष्ठी के प्रारंभ में विद्यालय के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा में पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई इसमें स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में मंचन किया सबसे पहले मां सरस्वती की वंदना का कार्यक्रम मंच के माध्यम से बच्चों ने प्रस्तुत किया जो कि मनमोहक था गणेश वंदना के साथ भगवान गणेश की स्तुति भी मंच के माध्यम से हुआ कार्यक्रम की कड़ी में पैट्रियोटिक मैशअप ,विभिन्न संस्कृतियों का एक साथ मंचन छोटे-छोटे नन्हे नन्हे किडजी के बच्चों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित समस्त अभिभावकों का मन मोह लिया अभिभावकों ने इस शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में अपने बच्चों के अर्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षा परिणाम देखा अभिभावकों ने अपने विचारों को प्रस्तुत किया। संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा में किसी भी प्रकार की लापरवाही समाज के लिए घातक हो सकती है श्री गुप्ता जी ने कहा कि स्कूल चार स्तंभ से विभूषित होता है पहले स्तंभ मैनेजमेंट,दूसरा स्तंभ शिक्षक ,तीसरा स्तंभ अभिभावक एवं चौथा स्तंभ विद्यार्थी होता है. शिक्षा प्राप्त करना हर विद्यार्थी का अधिकार होता है किसी को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता मैं प्रयास करूंगा कि कोई भी विद्यार्थी हमारे समाज का शिक्षा से वंचित न रह जाए इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा, कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार, रणजीत सिंह ,राजेश श्रीवास्तव,रुखसार खान, शैलेंद्र सिंह सचिन त्रिपाठी, सृष्टि सिंह, उर्वशी केसरवानी, प्रीति दुबे, आंचल वर्मा ,सिमरन वर्मा, आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

मुठभेड़ में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत में मजिस्ट्रेटिक जांच शुरू

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। चरवा थाना और एसओजी पुलिस से मुठभेड़ के दौरान घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत के मामले में मजिस्ट्रेट की जांच शुरू करने का निर्देश डीएम ने दिया है उपचाराधीन बन्दी की मृत्यु के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति अपना कथन कार्यालय उप जिला मजिस्ट्रेट चायल में उपस्थित होकर अंकित कराएं। उप जिला मजिस्ट्रेट चायल ने सर्वधारण को सूचित किया है कि जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी द्वारा थाना चरवा में पंजीकृत मु0अ0स0-197/2023 धारा 392 से सम्बन्धित अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं लूटे गये माल की बरामदगी के लिए प्रभारी निरीक्षक चरवा एवं प्रभारी एस०ओ०जी० कौशाम्बी द्वारा संयुक्त रूप से किये जा रहे प्रयास के दौरान दिनांक 12 सितम्बर को ग्राम रतगहा के बाग के पास 04 अभियुक्तो को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करके उनके पास से भारी मात्रा में लूटे गये माल व घटना में प्रयुक्त असलहे बरामद किये गये तथा घटना के सम्बन्ध थाना चरवा में मु0अ0स0-197/2023 धारा-307/34 भ0द०वि० व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। दोनों अभियोग विचाराधीन है। इस मुठभेड के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ चलायी गयी गोली से अभियुक्त विजय कुमार सोनी उर्फ विशाल पुत्र नारायण प्रसाद सोनी, नि० हनुमानगंज पैतिहा थाना कोराव, जनपद प्रयागराज, हाल पता यादव ड्राइवर का मकान ग्राम अतरौला थाना जवा, जनपद रीवा मध्य प्रदेश घायल हो गया था, जिसका जिला चिकित्सालय कौशाम्बी में इलाज कराने के उपरान्त न्यायिक अभिरक्षा में दिनांक 14.09.2023 को जिला कारागार, कौशाम्बी में दाखिल किया गया तथा उसी दिन उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में दाखिल किया गया था. जहाँ उसका इलाज चल रहा था, इलाज के दौरान दिनांक 21.09.2023 को समय 12:35 बजे पर उपचाराधीन बन्दी विजय कुमार सोनी उर्फ विशाल पुत्र नारायण प्रसाद सोनी की मृत्यु हो गयी थी, के सम्बन्ध में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 174 के उपबन्धों के अधीन मृत्यु समीक्षा के लिए उन्हें मजिस्ट्रेट नामित किया गया है, जिसकी जाँच उनके द्वारा की जा रहीं है। प्रकरण के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति 15 दिवस के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपना कथन अंकित करा सकतें हैं।

चार दिन बीते बालिका का सिर नहीं बरामद कर सकी पुलिस!

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तेजवापुर गांव की बालिका सावित्री का 2 अक्टूबर के अपहरण करने के बाद सिर काटकर उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया था 25 अक्टूबर को कुएं से उसका शरीर बरामद हुआ है लेकिन सिर नहीं मिल सका है पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी बालिका का सिर नहीं बरामद हो सका है मामले में बालिका के अपहरण के बाद परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दिया था लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया कोतवाली पुलिस की लापरवाही से बालिका मौत के घाट उतार दी गई सूचना देने के बाद कई बार आरोपियों के घर पुलिस पहुंची उनसे बातचीत किया लेकिन उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर बालिका को बरामद करने का प्रयास नहीं किया था बालिका के मामले में कोतवाली पुलिस शुरू से लापरवाह है और पुलिस की इसी लापरवाही के नतीजा के चलते बालिका के शरीर बरामद होने के चार दिन बाद भी उसका सिर नहीं बरामद हो सका है।

सड़क पर लहूलुहान हालत में मिली बालिका

कोखराज कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव की रहने वाली दिलीप सोनकर की 18 वर्षीय पुत्री गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर कासिया पश्चिम गांव के क्षेत्र में हाईवे के बीच डिवाइडर में लहूलुहान हालत में बेहोश पड़ी मिली है आसपास के लोगों ने जब बालिका को लहूलुहान हालत में देखा तो मामले की जानकारी परिवार समेत पुलिस को दी है मौके पर ग्रामीण और परिजन पहुंचे हैं सूचना पाकर घटनास्थल पर थाना पुलिस पहुंची है घायल बालिका को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है बालिका कैसे लहूलुहान हुई है इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

हर फलदार पेड़ों के धड़ाधड़ कटान में लगे हैं चरवा क्षेत्र में लकड़ी माफिया

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। हरे फलदार पेड़ों पर धड़ाधड़ कुल्हाड़ी चटक रही हैं इलेक्ट्रॉनिक पेट्रोलिंग आरा मशीन से बेखौफ तरीके से हरे पेड़ काटे जा रहे हैं प्रतिदिन लड़कियां वाहन से भरकर दूसरे क्षेत्र भेजी जा रही है माफिया के वर्चस्व के आगे विभागीय अधिकारी और थाना पुलिस मूकदर्शक बन कर रही गई है जिससे हरे पेड़ों पर संकट मंडरा रहे हैं पौधा रोपण की बात करने वाले वन विभाग विशाल वृक्षों को काटने से नहीं रोक रहे हैं चायल तहसील के थाना चरवा और उसके आसपास लकड़ी माफिया हरे फलदार पेड़ों के कटान में बेखौफ तरीके से सक्रिय हैं लकड़ी माफियाओं पर चरवा थाना पुलिस से लेकर वन दरोगा रोक नहीं लगा पा रहे हैं चर्चाओ पर जाए तो वन दरोगा और थाना पुलिस से लकड़ी माफियाओं के गहरे संबंध है और तीनो की साठगांठ के चलते हरे भरे फलदार पेड़ों को बेखौफ तरीके से प्रतिदिन लकड़ी माफिया काट रहे हैं इलाके में प्रत्येक महीने सैकड़ों हरे फलदार पेड़ काटे जाते हैं लेकिन माफियाओं के निरंकुशता पर थाना पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही हैं शनिवार को फिर

पुलिस और वन विभाग की लापरवाही के चलते हरे पेड़ों के अस्तित्व पर मंडराने लगा संकट, पुलिस अधिकारी भी थानेदार की निरंकुशता पर नहीं लगा पा रहे हैं अंकुश

बलीपुर टाटा चौराहे से हो कर फलदार हरे महुआ के विशाल पेड़ को दिनदहाड़े काटकर लकड़ी माफिया ट्रैक्टर में भरकर लकड़ी उठा ले गए हैं सब कुछ दिनदहाड़े बेखौफ तरीके से होता रहा लेकिन थानेदार से लेकर वन दरोगा लकड़ी माफियाओं के अवैध कटान पर रोक लगाने नहीं पहुंचे हैं चचाओं पर जाए तो इलाके के लोगों ने थाना पुलिस को अवैध कटान की सूचना दिया था कि उक्त स्थान पर हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं लेकिन पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे जिससे पेड़ों को काटकर लकड़ी उठा ले जाने में लकड़ी माफिया सफल हो गए पुलिस और वन विभाग की लापरवाही के चलते हरे पेड़ों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है पेड़ काटने वाले लकड़ी माफिया इलाके में बदनाम है और जन-जन की जुबान में उनके नाम की चर्चा होती है इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध तरीके से फलदार पेड़ को काटने वाले लकड़ी माफिया पर मुकदमा दर्ज कराकर हरी लकड़ियों को बरामद कराए जाने लकड़ी माफियाओं की गिरफ्तारी कराए जाने के साथ-साथ लकड़ी माफियाओं से दोस्ती करने वाले थाना पुलिस और वन दरोगा पर कार्यवाही की मांग की है।

मेला सकुशल सम्पन्न हो संदर्भ में एसडीएम व सीओ ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। नगर पंचायत अझुवा में 2 नवंबर और 3 नवंबर को विशाल मेला प्रस्तावित है उसी परिप्रेक्ष्य में सिराथू एस डी एम प्रबुद्ध सिंह और सर्किल ऑफिसर अवधेश विश्वकर्मा ने सैनी कोतवाल चंद्र भूषण मौर्य के साथ नगर पंचायत अझुवा रोशनी कमेटी और प्रदर्शन चौकी कमेटी पदाधिकारियों के साथ अझुवा चौकी प्रांगण में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने आदेशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी तरह का अवरोध नहीं करने दिया जाएगा नाट्य चौकियों को एक मंच पर एक ही प्रदर्शन करने दिया जाएगा अनावश्यक मंच भी नही बनाए जाएंगे राष्ट्रीय राजमार्ग से अंदर बाजार होते हुए चाहे जितने प्रदर्शन करें प्रशासन का सहयोग रहेगा। गौरतलब है कि बीते वर्षों में अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पट्टी को मेले के दूसरे वाले दिन पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाता था रोशनी कमेटी और

राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं लगेगी (सीलिंग) रोशनी छतरी, उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई : प्रशासनिक अधिकारी

साउंड कंपनी कमेटी का जबरदस्त प्रतियोगित होती थी जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग में गुजरने वाले वाहनों को जाम के झाम से जूझना पड़ता था।दुर्घटना की आशंका बराबर बनी रहती थी।अधिकारी द्वय ने रोशनी कमेटी , नाट्य चौकी कमेटियों एवम नगरवासियों से मेला सकुशल सम्पन्न हो किसी तरह की समस्या न हो, कोई अराजकता नहीं करने पाएगा पुलिस प्रशासन का जबरदस्त बंदोबस्त होगा यदि किसी ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो कठोर कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह, चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य, चेयर मैन प्रतिनिधि मेला कमेटी के प्रबंधक ओमप्रकाश कुशवाहा, शंकर लाल केसरवानी, गुड्डू दराना, फूल चंद्र केसरवानी, सौरभ केशरवानी, चुन्नू भाई, गुड्डू कुशवाहा, सभासद सुरेश केसरवानी, विपिन मोदनवाल, प्रदीप साहू, राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारी सहित रोशनी कमेटी, चौकी कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मंझनपुर कोतवाल को बाल कल्याण समिति ने भेजा नोटिस, 3 दिन के अंदर मांगा जवाब

नाबालिग बालिका का अपहरण सिर काटकर हत्या प्रकरण को बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तेजवापुर गांव में 2 अक्टूबर को नाबालिक बालिका का अपहरण करने के बाद उसकी सिर काटकर हत्या करने के मामले को न्याय पीठ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बाल कल्याण समिति कौशाम्बी ने गंभीरता से लिया है। अखंड भारत संदेश समाचार पत्र वा अन्य समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर नाबालिग बालिका का अपहरण सिर काटकर हत्या शीर्षक से प्रकाशित खबर को संज्ञान लेते हुए बाल कल्याण समिति न्याय पीठ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने मंझनपुर कोतवाल को 26 अक्टूबर 2023 को नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है समिति ने मंझनपुर कोतवाल को फटकार लगाते हुए कहा कि यह जघन्यतम अपराध का मामला है और इस मामले में अभियुक्त को पकड़ने के बाद छोड़ दिया गया है। मृत्युपरांत उसकी गिरफ्तारी की गई है जिससे मंझनपुर कोतवाली पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं मामले को यदि आला अधिकारियों ने भी गंभीरता से लिया तो मंझनपुर पुलिस की मुसीबत बढ़ना तय हैं हालांकि नाबालिग बालिका का अपहरण फिर सिर काटकर हत्या मामले के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली मंझनपुर पुलिस ने कई दिन बाद अभियुक्त को अदालत में नहीं भेजा है।

अभियुक्त के मकान सम्पत्ति की नीलामी 13 नवम्बर को तहसील सिराथू सभागार में

न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त के मकान संपत्ति की नीलामी को लेने के लिए नहीं हाजिर हो रहा कोई

कौशाम्बी। उप जिला मजिस्ट्रेट सिराथू ने अवगत कराया है कि न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रतापगढ़ द्वारा क्रिमनल अपील संख्या-276/2011 उमेश कुमार मिश्रा बनाम उ0प्र0 पारित आदेश के माध्यम से सम्बन्धित अभियुक्त उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा उर्फ राधे महराज निवासी-पश्चिमी कोडर (कैनी) थाना-मंझनपुर के मकान/सम्पत्ति की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर नीलामी से प्राप्त होने वाली धनराशि सरकारी कोष में जमा कराये जाने के निर्देश दियें गये हैं। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रतापगढ़ के आदेश एवं जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी के आदेश द्वारा उन्हें नीलामी बिक्रय के लिए नीलाम अधिकारी नामित किया गया है। उक्त मकान की नीलामी के लिए दिनांक 23.09.2023 व 11.10.2023 नियत की गई थी, किन्तु नीलामी लेने के लिए कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि अभियुक्त उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा उर्फ राधे महराज के मकान/सम्पत्ति की नीलामी पुनः दिनांक 13 नवम्बर 2023 की तिथि निर्धारित की गयी हैं। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 13.11.2023 को तहसील सिराथू के सभागार कक्ष में मध्यान्ह 12 बजे उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकतें हैं।

निरस्त आवास में 7 दिन में दर्ज करें आपत्ति

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी योजनान्तर्गत जनपद कौशाम्बी के समस्त नगर निकायों/नगर पालिका परिषद् में स्वीकृत विभिन्न डी0पी0आर0 में भिन्न कारणो से लाभार्थी अपात्र हो गये थे, उनकी सूची सम्बन्धित नगर निकायों के कार्यालयों में चस्पा कर दी गयी है। सूची का अवलोकन कर पात्रता के सम्बन्ध में अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्य सहित 07 दिवस के अन्दर अपने नगर निकाय कार्यालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। यह जानकारी परियोजना अधिकारी, डूडा ने दी।

न्यूज झरोखा

मार्बल पत्थर लदा ट्रेलर ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया,चालक व क्लीनर घायल

कोखराज कौशाम्बी। राजस्थान से मार्बल पत्थर लोडकर मछली शहर जा रहा ट्रेलर ट्रक देर रात कोखराज थाना क्षेत्र में अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकरा गया,टक्कर के बाद ट्रेलर ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया,हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर घायल हो गए,घटना के बाद पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया है जहा उनका इलाज किया जा रहा है। घटनाक्रम के मुताबिक ट्रेलर ट्रक चालक बनवारी लाल अपने खलासी विनोद कुमार के साथ राजस्थान से मार्बल पत्थर लादकर मछली शहर जा रहा था जैसे ही ट्रक चालक कोखराज थाना क्षेत्र में पहुँचा ओवरटेक करते समय एक दूसरे ट्रेलर ने साईड मार दिया, जिसके कारण मार्बल पत्थर लदा ट्रेलर का चालक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, गनीमत रही कि चालक बनवारी उम्र 42 वर्ष और क्लीनर बिनोद उम्र 28 वर्ष निवासी राजस्थान को मामूली चोटे आई है हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराकर डॉक्टर से ईलाज करवा दिया गया है।

सदियों पुराना दो दिवसीय मेला एवं दंगल का आयोजन संपन्न

महिला पहलवानो ने अपने अपने कला का किया जोरदार प्रदर्शन

कल्यानपुर कौशांबी। तहसील सिराथू के अंतर्गत ग्राम खोजवापुर मलाक रेजमा में सदियों पुराना ढेडिया के दिन दो दिवसीय मेला एवं दंगल का आयोजन होता चला आ रहा है दिनांक 27 अक्टूबर व 28 अक्टूबर 2023 को दंगल और मेला संपन्न हुआ मेला और दंगल देखने के लिए इलाके के तमाम गांव के हजारों लोग उपस्थित हुए दंगल में कई प्रांतों के नामी गिरामी पहलवानो ने अपने अपने कला का प्रदर्शन किया दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया दंगल मैदान में महिला पहलवानों में पूनम कानपुर और नीलम हरियाणा के बीच घंटो कुश्ती का प्रदर्शन होता रहा अंततः नीलम पहलवान हरियाणा ने कानपुर की पूनम पहलवान को मात देते हुए विजय श्री हासिल किया।दंगल चैंपियन रामकिशन पहलवान बम्हरौली रहे और तहसील चैंपियन सुरजीत सैदराजे पुर रहे इन दोनों पहलवानों के सामने कोई पहलवान लड़ने के लिए नहीं आए।दंगल में कई पहलवानों ने अपने अपने कला का प्रदर्शन करके दर्शकों को बहुत आनंदित किया। अंत में दंगल चैंपियन और तहसील चैंपियन पहलवानों को स्वर्गीय महेश्वरी प्रसाद पटेल स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया मेला और दंगल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान राजेश कुमार उर्फ बब्बूल मिश्र और संचालन थानेश्वर सिंह पटेल एवं त्रिलोकी सिंह पटेल ने किया।मेला और दंगल का आनंद क्षेत्रीय जनता और दूर दराज के लोगों ने भरपूर लिया।

जन शिक्षण संस्थान ने कचरा प्रबंधन पर किया जागरूक

कौशाम्बी। जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 1 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता अभियान के तहत 28 अक्टूबर को प्रशिक्षण केंद्र गौतम बुद्ध नगर में संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा कचरा प्रबंधन के बारे में सभी प्रतिभागियों को जागरूक किया गया तथा पानी को व्यर्थ ना बहाया जाए इसके बारे में भी जागरूक किया गया तथा स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा अनुदेशिका शकुंतला यादव शिखा मिश्रा आरती देवी अंशु सिंह आराधना देवी काजल मधु सिंह आदि प्रतिभागी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकी मिली अधेड़ की लाश

कड़ा कौशांबी कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत हब्बू नगर सिपाह गांव के आम के बगीचे में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की लाश पेड़ से लटकती मिली है लाश लटकती देखकर ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची कड़ा धाम थाना पुलिस में मृतक व्यक्ति का शव पेड़ से उतार कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक व्यक्ति की पहचान सटकु उम्र 40 वर्ष पुत्र मैकू लाल निवासी रामपुर बढनावा के रूप में हुई है जानकारी मिलते ही मौके पर रोते बिलखते परिजन पहुंच गए हैं घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है।

पूर्व प्रधान की माता को दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

मनौरी कौशाम्बी। मनौरी बाजार निवासी पूर्व प्रधान जगदीश चंद्र केसरवानी (जनका वाले) की माता जी श्री मति मालती देवी केसरवानी पत्नी स्व0 ओंकार नाथ केसरवानी का 90 वर्ष की उम्र में कल शुक्रवार की दोपहर 12 बजे लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया था निधन की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों रिश्तेदार सगे संबंधियों को मिली मौके पर लोगों की भीड़ लग गई आज शनिवार दिनांक 28 अक्टूबर को फतेहपुर घाट पर गंगा नदी के किनारे सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया अश्रुपूरित नेत्रों से लोगों ने श्रद्धांजलि दी इस मौके पर संतोष सोनकर,सुभाष चंद्र केसरवानी बिल्डर,अरविंद कुमार केसरवानी अध्यक्ष युवा व्यापार मंडल कौशांबी सहित हजारों की संख्या में लोगो ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

गलत तरीके से आवास निरस्त करने की शिकायत

कौशाम्बी। नेवादा विकास खण्ड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित आवास को ग्राम प्रधान व अधिकारियों द्वारा पैसे लेकर साठगांठ कर प्रधानमंत्री आवास योजना 2018-19 के लिस्ट से नाम हटाने एवं मनमानी तरीके से आवास का आवंटन किया जा रहा है मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से की है। नेवादा विकास खण्ड के नूरपुर हाजीपुर निवासी पवन कुमार ने बताया कि अपने पत्नी व बच्चों के साथ अपने जर्जर मकान मे रहता है एवं पिता रुद्र प्रसाद उसी घर मे अलग रहते है पिता पुत्र दोनों को प्रधानमंत्री आवास 2018-19 की सूची के अनुसार आवंटित हुआ था परंतु ग्राम प्रधान वा अधिकारियों द्वारा दूसरे से पैसे लेकर पवन कुमार की कॉलोनी आवास को निरस्त कराकर अन्य लोगों को मुहैया करा दिया है शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि विगत कई वर्षों से ग्राम प्रधान द्वारा पैसा लेकर उच्च अधिकारियों से साठ गांठ कर ऐसे गलत कार्य कराए जाते रहे हैं, जो पैसा नहीं देता है उसको ग्राम सभा में आवंटित किसी भी प्रकार की योजना मुहैया नहीं कराई जाती हैं शिकायतकर्ता का कहना है कि उसका परिवार जर्जर भवन मे किसी तरह जीवन यापन कर रहा है जिसमे जान माल का हमेशा खतरा बना रहता है मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर फरियाद करते हुए शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे आवास उपलब्ध कराया जाए और गलत तरीके से आवास निरस्त करने वाले ग्राम प्रधान और अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

संपादक की कलम से

मणिपुर त्रासदी से 'व्यथित' मोहन भागवत

उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हुए मैतेई-कुकी संघर्ष से उत्पन्न त्रासदी से लोग बहुत व्यथित हुए थे। इस साल के मई महीने से जारी साम्प्रदायिक दंगों में सैकड़ों मारे गये हैं, हजारों बेघर हुए हैं, अनेक पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचा और करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति नष्ट हुई है। इसने पूरे देश को ही नहीं वरन दुनिया भर को हिलाकर रख दिया था। अनेक देशों में भी इन दंगों की गूंज सुनाई दी थी। विश्व भर के कई अखबारों ने इस घटना को विस्तार से छापा था। इसके बावजूद इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी खामोश रही, उसके नेता खामोश रहे।

केन्द्र सरकार मौन थी और मणिपुर सरकार ने भी इस घटनाक्रम को दबाये रखा था। 3 मई का अगर वह वीडियो वायरल न होता तो शायद यह पूरा का पूरा घटनाक्रम दफ्न कर दिया जाता, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्न कर उनकी परेड निकाली गई थी। उसके पहले उनका उत्पीड़न हुआ था। मीडिया से दूर भागने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी संसद के विशेष सत्र के पहले संक्षिप्त बयान संसद भवन के बाहर देना पड़ा था, क्योंकि इसका संज्ञान स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने लिया था। मोदी ने दुख भरे स्वरों में कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत पीड़ा पहुंची है।

और भी जिन लोगों को इस घटना से पीड़ा पहुंची, उनमें अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का नाम भी शामिल हो गया है। विजयादशमी को अपना परम्परागत भाषण देते हुए भागवत ने 'इस घटना के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ' बताया। साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार की असफलता को एक तरह से कबूल करते हुए कहा कि 'गृह मंत्री अमित शाह को वहां जाना चाहिये, मंत्रियों को जाकर बैठना चाहिये।' मणिपुर की घटना को उन्होंने भारत की अखंडता और एकता से भी जोड़ दिया। सम्भव है कि इस बयान के पीछे लोगों को भागवत की सदाशयता, दंगा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति या प्रेम भाव दिखे परन्तु उनके इस बयान की तह में जाने की आवश्यकता है तभी इसकी विसंगतियां और संघ प्रमुख की मंशा साफ होगी।

पहली बात तो यह है कि स्वयं भागवत को इस बात का जवाब देना चाहिये कि उन्हें इतने दिनों के बाद इस घटना की याद क्यों आई और उन्हें यह क्योंकर महसूस हुआ कि शाह एवं अन्य मंत्रियों को वहां जाना चाहिये? क्या इस घटना की जानकारी संघ प्रमुख को अब जाकर हुई है? सच तो यह है कि यह निर्देश उन्हें आज से 2 माह पहले देना चाहिये था जब यह घटना जगजाहिर हुई थी। अगर उनके कहे के बाद भी सरकार का कोई नुमाईंदा वहां नहीं जाता तो स्वयं भागवत को वहां जाना चाहिये था और पीड़ितों से मिलना चाहिये था। आदिवासियों के प्रति प्रेम दिखलाने वाले और संघ के मुखिया होने के नाते उन्हें अपने कार्यकताओं को भी निर्देश देना था कि वे वहां जाकर पीड़ितों की सेवा करें। भागवत के मौन रहने का कारण सम्भवतः यही है क्योंकि वहां के संघर्ष में ज्यादातर कुकी ही पीड़ित हैं जो कि ईसाई समुदाय के हैं और उत्पीड़क मैतेई हिन्दू। यह स्थिति संघ के सामाजिक एवं भाजपा के राजनैतिक एजेंडे के एकदम मुफीद है जिसके माध्यम से उनका साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लक्ष्य सधता है।

दूसरे, इस पर भी गौर करना चाहिये कि यह बयान वैसे तो संघ के सालाना जलसे में दिया गया है पर उसके पीछे एक कारण यह भी साफ दिखता है कि अगले माह होने जा रहे 5 राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) के विधानसभा चुनावों में भाजपा की हालत बहुत नाजुक है। भाजपा का नफरती एवं विभाजनकारी एजेंडा लोगों के सामने बहुत स्पष्ट हो गया है।

बन्दूक-संस्कृति से दागदार होती अमेरिकी छवि

ललित गर्ग

दुनिया में स्वयं को सभ्य एवं स्वयंभू मानने वाले अमरीका में बढ़ रही बंदूक संस्कृति के साथ-साथ लोगों में बढ़ रही असहिष्णुता, हिंसक मनोवृत्ति और आसानी से हथियारों की सहज उपलब्धता का दुष्परिणाम बार-बार होने वाली दुखद घटनाओं के रूप में सामने आना चिन्ताजनक है। अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गए थे। अमेरिका को अपनी बिगड़ती छवि के प्रति सजग होना चाहिए क्योंकि यह एक बदनुमा दाग है जो उसकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि को आघात लगा रहा है।

दुनिया में बंदूक की संस्कृति को बल देने वाले अमेरिका के लिये अब यह खुद के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। अमेरिका घृणा, अपराध, हिंसा और बंदूक संस्कृति के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति लगातार निंदनीय, डरावनी एवं असंतुलित होती जा रही है। कोई भी सामान्य सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है। नवीनतम घटना 25 अक्तूबर को देर रात एंड्रोस्कोगिन काऊंटी के अंतर्गत पडने वाले लेविस्टन में हुई, इस हादसे का सबसे खराब पहलू यह है कि अनेक लोग भगदड़ की वजह से घायल हुए तो अनेक हत्यारे की गोलियों से गहरी नींद सो गये हैं। नरसंहार के कथित आरोपी 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड को पुलिस ने हथियारबंद और खतरनाक व्यक्ति माना है, पर सवाल है कि क्या वह रातों-रात हत्यारा एवं हिंसक हुआ है? हत्यारा रॉबर्ट कार्ड अमेरिकी सेना से जुड़ा रहा है और आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक है। मानसिक अस्वस्थता एवं मनो विकारों से ग्रस्त हत्यारे के खिलाफ अनेक शिकायतें पहले भी मिल चुकी थी, प्रश्न है कि उन्हें क्यों नहीं गंभीरता से लिया गया। अमेरिका में आए दिन ऐसी खबरें आती रही कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गए। अब तो अमेरिकी बच्चों के हाथों में भी बन्दूकें हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा।

आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। दरअसल, अमेरिका अपने यहां नफरत, मानसिक असंतुलन, विद्रोह एवं असंतोष रोकने के अभियान में नाकाम हो रहा है। एफबीआई की वार्षिक अपराध रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बंदूक संस्कृति एवं इससे जुड़ी हिंसा बहुत व्यापक हो गई है। पिछले साल अमेरिका में लगभग पांच लाख हिंसक अपराधों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। वर्ष 2020 में बंदूक संस्कृति अमेरिकी बच्चों की मौत का मुख्य कारण बन गई और 2022 में हालात और बदतर हो गए। जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़ गई। इन हालातों में अमेरिका किस तरह दुनिया का आदर्श बन सकता है। जबकि दुनिया अमेरिकी संस्कृति का अनुसरण करती है, वहीं अमेरिका तमाम देशों की सामाजिक व मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करता है। अमेरिका अगर अपनी कथनी-करनी का भेद मिटाने की ओर बढ़े, तो उसके साथ-साथ दुनिया को ज्यादा फायदा होगा।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अमरीका में बंदूक संस्कृति बढ़ाने में वहां की नकारात्मक राजनीति की बड़ी भूमिका है। आम जनता तो हथियारों पर अंकुश लगाने के पक्ष में है परंतु अपने निहित स्वार्थों के कारण अमरीका में हथियारों को बढ़ावा देने वाली वहां की सशक्त हथियार लॉबी और राजनीति से जुड़े लोग इस पर अंकुश नहीं लगने देते। जब भी बंदूक संस्कृति पर नियंत्रण करने की बात उठती है तो हथियार रखने के संवैधानिक अधिकार की कट्टर समर्थक मानी जाने वाली रिपब्लिकन पार्टी के नेता और उनके समर्थक इसके विरोध में उतर आते हैं जिनके सामने डैमोक्रेटिक पार्टी बेबस होकर रह जाती है। पिछले साल जून में भारी तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतर कर बंदूकों की खरीद-बिक्री से संबंधित कानून को बदलने की मांग की। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या के पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ बंदूकों के खरीददार से लेकर इसके निमार्ताओं और बेचने वालों पर भी सख्त कानून के दायरे में लाया जाए। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए।

खुद सरकार की ओर से कराए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि अमेरिका में सत्रह साल से कम उम्र के करीब तेरह सौ बच्चे हर साल बंदूक से घायल होते हैं। अमेरिकी प्रशासन को बंदूक संस्कृति ही नहीं बल्कि हथियार संस्कृति पर भी अंकुश लगाना होगा, अब तो दुनिया को जीने लायक बनाने में उसे अपनी मानसिकता को बदलना होगा। किसी भी संवेदनशील समाज को इस स्थिति को एक गंभीर समस्या के रूप में देखना-समझना चाहिए। यह बेवजह नहीं है कि जिस अमेरिका में ज्यादातर परिवारों के पास अलग-अलग तरह की बंदूकें रही हैं, वहां अब इस हथियार की संस्कृति के खिलाफ आवाजें उठनी शुरू हो गई हैं। देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार अमेरिका की आंखे खुले तो अमेरिका के साथ दुनिया को एक शांति एवं अहिंसा का सन्देश जायेगा।

मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। मूड ठीक नहीं की स्थिति में घटना सिर्फ

बेहद डरावनी है संयुक्त राष्ट्र की भूजल रिपोर्ट

बाल मुकुन्द ओझा

भारत में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की भूजल विषयक एक नई रिपोर्ट का गहनता से अध्ययन करें तो पाएंगे भारत, विश्व में भूजल का सबसे अधिक उपयोग करने वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के अनुसार अगले दो साल में भारत में भूजल की बेहद कमी होने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, भूजल का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। भारत में सिंधु-गंगा के मैदान के कुछ क्षेत्र पहले ही भूजल की कमी के खतरनाक स्तर को पार कर चुके हैं। उधर, पूरे उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में साल 2025 तक कम भूजल उपलब्धता का गंभीर संकट होने का खतरा है।

इंटरकनेक्टेड डिजास्टर रिस्क रिपोर्ट 2023ह्न शीर्षक से संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय-पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान ने इस रिपोर्ट को प्रकाशित किया है। देश में कृषि के लिए लगभग 70 प्रतिशत भूजल का उपयोग किया जाता है। भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा यूजर है, जो यूएसए और चीन के कुल उपयोग से भी अधिक है। भारत का उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र देश की बढ़ती 1.4 अरब आबादी के लिए रोटी की टोकरी के रूप में काम करता है, जिसमें पंजाब और हरियाणा राज्य 50 प्रतिशत उत्पादन करते हैं. रिपोर्ट में कहा गया है पंजाब में 78 प्रतिशत कुओं का तेज दोहन हुआ है और पूरे उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में 2025 तक गंभीर रूप से कम भूजल उपलब्धता का अनुभव होने का अनुमान है। इससे फसल उत्पादन पर बुरा पड़ सकता है। भारत में भूजल की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। हमारे देश में भूमि में जितना पानी रिचार्ज होता है उसका 62 प्रतिशत वापस निकल लिया जाता है। यदि मानसूनी वर्षात ने धोखा दे दिया तो देश में जल संकट उपस्थित होते देर नहीं लगेगी। देश में भूजल का गिरता स्तर स्पष्ट संकेत देने लगा है कि भविष्य में हालात और भी ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। आज जिस तरह से मानवीय जरूरतों की पूर्ति के लिए निरंतर व अनवरत भूगर्भ जल का दोहन किया जा रहा है, उससे साल दर साल भूगर्भ जल का स्तर गिरता जा रहा है। आज दुनिया अपनी जल जरूरतों की पूर्ति के लिए सर्वाधिक रूप से भूगर्भ जल पर ही निर्भर है। लिहाजा, अब एक तरफ तो भूगर्भ जल का अनवरत दोहन हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर तेज औद्योगीकरण के चलते प्रकृति को हो रहे नुकसान और पेड़-पौधों के अनियंत्रित दोहन के कारण बरसात में भी काफी कमी आ गई है। तेजी से गिरता भूजल स्तर दुनियाभर के लिए चिंता का सबब बना हुआ है।

पेयजल का मुख्य स्रोत भूगर्भ जल ही है। भूजल वह जल होता है जो चट्टानों और मिट्टी से रिस जाता है और भूमि के नीचे जमा हो जाता है। जिन चट्टानों में भूजल जमा होता है, उन्हें जलभृत कहा जाता है। भारी वर्षा से जल स्तर बढ़ सकता है और इसके विपरीत, भूजल का लगातार दोहन करने से इसका स्तर गिर भी सकता है। एक सर्वेक्षण अनुसार धरती का तीन चौथाई हिस्सा पानी से ढका हुआ है अर्थात लगभग 71 प्रतिशत पानी धरती के ऊपर मौजूद है और 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे नीचे है। जो पानी धरती के ऊपर मौजूद है, वह पानी पीने लायक नहीं है। शेष 3 प्रतिशत पानी पीने लायक है, जिसमें से 2.4 प्रतिशत पानी उत्तरी और हिस्से और ग्लेशियर में बर्फ के रूप में जमा हुआ है। सिर्फ 0.6 प्रतिशत पानी ही है, जो नदी और तालाब में मौजूद है जो पीने लायक है। यही 0.6 प्रतिशत पानी बढ़ती हुई आबादी और प्रदूषण के कारण पर्याप्त नहीं है, इसलिए धरती के नीचे जो पानी मौजूद है, उस पानी की भी बहुत ज्यादा आवश्यकता है। भूजल की वर्तमान स्थिति को सुधारने के लिये भूजल का स्तर और न गिरे इस दिशा में काम किए जाने के अलावा उचित उपायों से भूजल संवर्धन की व्यवस्था हमें करनी होगी। पानी की कमी के चलते निरन्तर खोदे जा रहे गहरे कुओं और ट्यूबवेलों द्वारा भूमिगत जल का अन्धाधुन्ध दोहन होने से भूजल का स्तर निरन्तर घटता जा रहा है। देश में जल संकट का एक बड़ा कारण यह है कि जैसे-जैसे सिंचित भूमि का क्षेत्रफल बढ़ता गया वैसे-वैसे भूगर्भ के जल के स्तर में गिरावट आई है। भूजल दोहन के अंधाधुंध दुरुपयोग को यदि समय रहते रोका नहीं गया, तो आने वाली पीढियों को इसके भयानक परिणाम भुगतने होंगे। सरकार को जनता में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रबन्ध और उपाय करने होंगे।

क्या तेलंगाना में होगा त्रिकोणात्मक मुकाबला ?

अशोक भाटिया

कर्नाटक चुनाव के बाद दक्षिण का इकलौता राज्य है तेलंगाना जहां 2023 में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। तेलंगाना इसलिए भी अहम है क्योंकि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के मुकाबले ज्यादा सीटें जीत कर देश को चौंकाया था। यहां तक कि डउफ की बेटी को भी भाजपा ने लोकसभा चुनाव में हराया था। 2014 में 10% के मुकाबले भाजपा ने 2019 में 19.45% वोट हासिल किए थे। ऐसे में बड़ा सवाल है कि तेलंगाना में सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति का मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में किससे होने जा रहा है? भाजपा इस विश्वास के साथ तेलंगाना के चुनाव में उतरी है कि उसके ही एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद तेलंगाना अलग राज्य बना था । उस समय केंद्र में कांग्रेस की सत्ता थी, जिसने अलग तेलंगाना की आवाज को बार-बार दबाया, कुचला। भाजपा एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी थी, जिसने अलग तेलंगाना बनाने के लिए संघर्ष भी किया और पार्टी ने राजनीतिक प्रस्ताव भी पास किया। दूसरी ओर इफर पार्टी पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है। तेलंगाना को परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति से बचाने के लिए भाजपा को जनता निश्चित रूप से आशीर्वाद देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज पूरी दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है और जनकल्याणकारी योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के आम जनता तक पहुंच रही है। भाजपा को आशीर्वाद मिलता है तो एक डबल इंजन की सरकार तेलंगाना के विकास को गति देगी औरबंगारू तेलंगाना (स्वर्णिम तेलंगाना) का जो सपना अधूरा रह गया था, उसे भाजपा पूर्ण करने का प्रयास करेगी।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री डउफ ने पार्टी नेताओं की बैठक में कांग्रेस को अपना प्रतिद्वंद्वी माना है। मगर, राजनीति में जो बात कही जाती है उसके मायने उसी रूप में सीधे नहीं होते। डउफ ने जिस तरीके से देशव्यापी स्तर पर गैर-भाजपा सियासत को मजबूत करने की पूरी शिद्दत से कोशिश पिछले दिनों दिखाई है उससे यही पता चलता है कि वे भाजपा को अपना प्रतिद्वंद्वी मानते हैं। स्पष्ट है केसीआर कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी बोलते हैं और भाजपा को मानते हैं।

2016 में हुए हैदराबाद नगर निगम चुनाव में भाजपा ने AIMIM को पीछे छोड़ दिया था। 48 सीटें हासिल करते हुए भाजपा ने असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी पर चार सीटों की बढ़त ले ली थी। TRS, भाजपा से महज 7 सीट आगे थी। कांग्रेस चुनाव में दिखाई नहीं पड़ रही थी। इससे भी संदेश यही गया कि तेलंगाना की फिजा बदल रही है। कर्नाटक में बाद तेलंगाना दूसरा प्रदेश है जहां भाजपा का कमल खिलता ही नहीं दिखा, बल्कि लगातार मजबूती से जड़ें जमाता नजर आया।

राहुल-सत्यपाल वार्ता से उभरती सियासी तस्वीर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का बुधवार को लिया गया साक्षात्कार अगर जमकर वायरल हो रहा है तो सिर्फ इसलिये नहीं कि इससे कई नये खुलासे हुए हैं और कुछ पुराने तथ्यों की पुष्टि हुई है, वरन इसलिये भी कि वह देश की भावी राजनैतिक तस्वीर को भी बयां कर रहा है। दोनों ही दो अलग-अलग पीढ़ियों तथा एकदम भिन्न किस्म की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन दोनों के बीच कुछ समानताएं भी हैं जो इस बातचीत को महत्वपूर्ण बनाते हैं। सबसे बड़ी समानता तो यह है कि दोनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेखौफ लड़ रहे हैं और मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का जमकर विरोध कर रहे हैं।

राहुल के एक सवाल के जवाब में मलिक का यह कहना कि 'चुनाव में सिर्फ 6 महीने रह गये हैं। मैं लिखकर दे रहा हूं कि अब मोदी सरकार नहीं आयेगी,' इस बात की पुष्टि करता है कि जो राजनैतिक घटनाक्रम जमीन पर होता दिख रहा है और उसके मुताबिक लोग जो सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगा रहे हैं, वैसा होने जा रहा है। सत्यपाल मलिक द्वारा राहुल की इस बात के लिये तारीफ करना भी वे (राहुल) निस्वार्थ भाव से सत्ता परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे हैं, एक तरह से पुरानी पीढ़ी के एक ईमानदार नेता द्वारा राहुल के संघर्ष का गौरवगान है।

मलिक ने पुलवामा के उस घटनाक्रम को एक बार फिर दोहराया जिसमें 14 फरवरी, 2019 को सड़क मार्ग से जा रहे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गये थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल मलिक ने साफ किया था कि यह सरकार की गलती से हुआ है क्योंकि सीआरपीएफ द्वारा उन्हें ले जाने के लिये हवाई जहाज मांगे गये थे जो मुहैया नहीं कराये गये थे। इसके चलते उन्हें सड़क मार्ग से ले जाया गया था। रास्ते में कोई सुरक्षा नहीं थी जो अमूनन ऐसे काफिले के गुजरने के वक्त की जाती है। मलिक ने पहले की तरह फिर से बताया कि उस वक्त मोदी जिम कार्बेट पार्क में शूटिंग कर रहे थे। बाद में जब उनसे और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात हुई तो उन्हें चुप रहने को कहा गया था। राहुल ने भी बताया कि पहले उन्हें भी एयरपोर्ट पर लाये गये शहीदों के शवों को श्रद्धांजलि के लिये जाने से मना किया गया था। बाद में हवाई अड्डे पर उन्हें एक कमरे में बंद रखा गया था। राहुल ने आशंका जताई कि इस खुलासे के बाद मलिक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच हो सकती है, मलिक ने कहा कि वे इसकी परवाह नहीं करते।

बातचीत में दोनों नेताओं का एक दूसरे के लिये आदर साफ झलक रहा था। राहुल ने जब उनके राजनैतिक कैरियर की शुरूआत के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जरिये वे इसमें आये थे। जब राहुल ने चरण सिंह की शख्सियत के बारे में जानना चाहा तो मलिक का कहना था कि वे सरल व ईमानदार व्यक्ति थे। उल्लेखनीय है कि 1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार करीब ढाई वर्ष चलकर गिर गई थी तब कांग्रेस के समर्थन से चौधरी पीएम बने थे- केवल 5 माह के लिये। इंदिरा गांधी द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उनका आरोप था कि इंदिरा उनके खिलाफ आपातकाल संबंधी मामलों को समाप्त करने का दबाव डाल रही थी।

उन्होंने दबाव में आने की बजाय त्यागपत्र देना बेहतर समझा था। देश के संसदीय इतिहास के इन काले पन्नों के बावजूद राहुल और सत्यपाल में इसे लेकर कोई कड़वाहट नहीं दिखी। दोनों ने चरण सिंह को लेकर सहजतापूर्वक बातचीत की। राहुल ने उनसे यह जानना चाहा कि लोग पद पाने के लिये इतने लालायित क्यों होते हैं, मलिक ने कहा कि राजनीति पहले देश सेवा थी जो अब व्यवसाय बन गई है। उन्होंने राहुल की इसलिये तारीफ की कि वे ऐसे वक्त में एक अपवाद है जो उन्हें सबसे अलग बनाता है।

दोनों के बीच किसान आंदोलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, जातिगत जनगणना आदि को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई जिसमें दोनों नेताओं के बीच वैचारिक समानता दिखाई पड़ी जो इस बात के संकेत हो सकते हैं कि भविष्य में दोनों को एक दूसरे का साथ मिलता रहेगा। अगर ऐसा होता है तो यह मोदी और भाजपा के लिये ज्यादा मुश्किलों वाले दिन हो सकते हैं क्योंकि ये दोनों (राहुल-सत्यपाल) मोदी सरकार के कट्टर आलोचक हैं। जहां एक ओर राहुल मोदी राज के कथित भ्रष्टाचार, खासकर प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ संबंधों पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं, उसी तर्ज पर मलिक भी कह चुके हैं कि केन्द्र द्वारा लाये गये तीन कृषि कानून, जो किसानों के विरोध के चलते सरकार को वापस लेने पड़े थे, अदानी के लाभ के लिये ही लाये गये थे।

पुलिस ने जुआ खेलते पांच जुआरी दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा कृष्णदेव मिश्रा ने दरोगा कन्हैया बख्स सिंह के साथ पांच लोगों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है।

शनिवार को राजापुर पुलिस टीम ने रामअभिलाष पुत्र किशुनदत्त, ज्ञानचन्द्र विश्वकर्मा पुत्र राजाराम, राकेश द्विवेदी पुत्र चुन्नीलाल निवासी तीरमऊ, गोरेलाल निषाद पुत्र देवराज व भूपेन्द्र निषाद पुत्र मोदी निवासी रुपौली को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 51 सौ रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 1050 रुपये व दो मोबाइल फोन बरामद किये। जुआरियों के खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा कृष्णदेव मिश्रा, दरोगा कन्हैया बख्स सिंह व सिपाही धीरेन्द्र कुमार, निशांत यादव शामिल रहे।

20 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने नंदकिशोर पुत्र भोला प्रसाद अहिरापुरवा मजरा भानपुर के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय, दीवान अरविंद सोनी व सिपाही नरेंद्र कुशवाहा शामिल रहे।

विवादों को भूल एक हुए दम्पति

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस ने एक दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

शनिवार को भरतकूप थाने के रसिन गांव के मजरा महादेवन की श्रीमती शसिप्रभा पुत्री नत्थू पटेल ने ससुरालीजनों पर आरोप लगाया कि मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताडित कर घर से निकाल दिया है। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र में नियुक्त महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव व महिला सिपाही सुरुचि चैधरी ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। यहां दोनों पक्षों से भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव व महिला सिपाही सुरुचि चैधरी शामिल रही।

अवैध खदान संचालकों ने पुलिस पर किया जानलेवा हमला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर थाने के सरैंया चैकी के गढ़चपा गांव के मजरा छेरिहाई भौटी में अवैध ढंग से चल रही पत्थर खदान पर पुलिस कर्मियों का पहुंचना भारी पड गया। अवैध ढंग से खदान चला रहे खनन माफियाओं ने पुलिस कर्मियों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस कर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं।

ये घटना शनिवार को सवेरे साढे नौ बजे गढ़चपा गांव के मजरा छेरिहाई भौठी में हुई। बताया गया कि अवैध ढंग से पत्थर खदान सत्यनारायण तिवारी व उसके लडके नत्थू तिवारी व दीनू तिवारी चला रहे हैं। अवैध खनन की सूचना पर सरैंया चैकी के पुलिस कर्मी रवि व दुर्गेश खनन स्थल पहुंचे। अवैध खनन से लदा ट्रैक्टर मिला। अवैध ढंग से पत्थर खदान पर काम करने वाले मजदूरों का वीडियो व फोटो पुलिस कर्मी बनाने लगे।

वीडियो बनते देख खदान संचालक सत्यनारायण तिवारी आदि ने पुलिस कर्मियों पर लाठीडंडों से हमला बोल दिया। दोनों पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस कर्मियों पर हमले के समय मजदूर बुद्धि पुत्र श्याम, पित्तू पुत्र घुंशी व विद्या मौके पर मौजूद थे। दबंग खनन माफिया सत्यनारायण तिवारी आदि से मजदूर सहमे हैं। खनन माफियाओं के पुलिस कर्मियों पर हमले को लेकर क्षेत्र में दहशत है। इस बारे में चैकी प्रभारी सरैंया को तीन बार फोन मिलाया गया, उन्होंने फोन उठाने की जरूरत नहीं समझी।

किसान सेल जिलाध्यक्ष का कांग्रेसियो ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त किसान कांग्रेस सेल जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह का जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने माला पहनकर स्वागत किया।

शनिवार को किसान कांग्रेस सेल के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के निदेर्शों का पालन पूरी निष्ठा से कर संगठन को आगे बढ़ने के कार्य करेंगे। मौजूद कांग्रेसियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, जिला सचिव विजय मणि त्रिपाठी, सेवादल जिलाध्यक्ष चुनवाद प्रसाद, मानवेंद्र सिंह पटेल, महेंद्र सिंह पटेल, तीरथ सिंह फौजी, उदय पाल, प्रदीप सिंह पटेल, दिवाकर सिंह, निशांत सिंह, उद्धव विश्वकर्मा, कंचन सिंह पटेल, लवकुश त्रिपाठी, प्रभात सिंह, कुंवर प्रताप सिंह, अंकित सिंह आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

आध्यात्मिक स्थल में बनायें सार्थक प्लान: कमिश्नर

जलवायु परिवर्तन कार्यशाला हुई सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, अपर मुख्य वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर रानीपुर कार्तिक कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, विशेष सचिव वन/पर्यावरण लखनऊ आशीष तिवारी, मुख्य वन संरक्षक मिजार्पुर क्षेत्र/वन संरक्षक बांदा मनीष मित्तल, पदमश्री समाजसेवी उमाशंकर पांडे, उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व चित्रकूट पीके त्रिपाठी, सीईओ वसुंधरा फाउंडेशन नई दिल्ली श्रीनिवासन कृष्ण स्वामी, वसुधा फाउंडेशन से डॉ प्रीति की मौजूदगी में जिला जलवायु परिवर्तन कार्य योजना को हितग्राही परामर्श कार्यशाला होटल बिंदीराम में हुई।

शनिवार को मंडलायुक्त ने कहा कि जलवायु परिवर्तन कार्य योजना को मंडल में चित्रकूट को चुना गया है। जल योद्धा की सराहना कर कहा कि जो कार्य योजना बनी है, विचार करें। ग्राम स्तर पर क्या हो सकता है, क्लाइमेट को संयोजित किया जाये। चित्रकूट आध्यात्मिक स्थल है, जहां कुछ कर सकते हैं। ऐसा प्लान बनायें कि यहां का पर्यावरण संरक्षित रहे। यहां पर शुद्ध जल, वातावरण, हवा भी है, शरीर पांच तत्व से मिलकर बना है, जिसमें शरीर 70 फीसदी जल से बना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गंभीरता से कार्य योजना बनाई है। आम आदमी के जीवन में कैसे प्रयोग करें। सरकार ने बहुत से टॉयलेट बनाए हैं, उसका उपयोग करें। सीवेज के पानी को ट्रीटमेंट कर उपयोग में लिया जाये। मंदाकिनी नदी में वेस्ट वाटर को चिन्हित कर मशीनीकरण करायें। प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगायें, आध्यात्मिक स्थल में लाखों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं। कार्य योजना बनाकर कार्य की जरूरत है। जागरूकता से अलग से योजना बनानी होगी। रोजगार पर कार्य योजना बनाने की जरूरत है। किसान भाइयों से अपील किया कि केमिकल का इस्तेमाल न करें। नैनो खाद पर विशेष ध्यान दें। ऑर्गेनिक खेती करें। मोटे अनाज पैदाकर, बढ़ावा दें। जिले को आदर्श योजना के तहत सभी लोग प्रयास करें।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी का अभाव है। सुधार भी हुआ है, केंद्र व राज्य सरकार ने कार्य किए हैं। जल जीवन मिशन के तहत कार्य हो रहे हैं। खेती ग्राउंडवाटर पर निर्भर है, खेती को नदियों से जोड़ने की जरूरत है। ज्वार व बाजरा के कुछ केंद्र खोले गये हैं। जल संरक्षण को तालाब योजना चलाई जा रही है। हर साल तालाबों की खुदाई हो रही है। पिछले चार साल में 15 सौ तालाब बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने प्रदेश का पहला रानीपुर टाइगर रिजर्व घोषित किया है, जो पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। औद्योगिक क्षेत्र में प्रयास जारी हैं। विशेष सचिव वन एवं पर्यावरण ने कहा कि सभी के प्रयास से जिले में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। बुंदेलखंड में चित्रकूट, बांदा व झांसी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन हुए हैं, जो सराहनीय है।

मोटे अनाज से होता है मानसिक विकास: कृषि मंत्री



अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने तीर्थक्षेत्र में नानाजी देशमुख को नमन कर कहा कि मोटे अनाज की किसान अधिक बुवाई करें। मोटे अनाज से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। कृषि मंत्री बांदा होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने को रवाना हो गए।

शनिवार को सवेरे कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही का हेलीकाप्टर देवांगना एयरपोर्ट पर उतरा। यहां सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने स्वागत किया। कृषि मंत्री सियाराम कुटीर पहुंचे। उन्होंने नानाजी देशमुख को श्रद्धासुमन अर्पित किये। नानाजी के तीन दिवसीय जन्मोत्सव में शरदोत्सव डीआरआई की ओर से होता है। कृषि मंत्री नानाजी के कार्यक्रम में सहभागी रहे है।

इस दौरान डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहे। कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं बाबत जानकारी ली। विभाग से संचालित योजनाओं को अंतिम पायदान पर रहने वाले पात्रों को लाभ देने को कहा। जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला से कहा कि कम पानी पर अच्छा उत्पादन देने वाली प्रजातियों के बीज मंगवाकर किसानों को दें। किसानों को जागरुक भी करें।

श्री शाही ने कहा कि मोटे अनाज से मनुष्य का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। सिंचाई को स्प्रिंकलर सेट का प्रयोग करें। कृषि मंत्री बांदा में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने को रवाना हो गए।

डीएम-एसपी ने बन्दियों से ली खानपान की जानकारी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने जिला कारागार में महिला बैरक में पाठशाला, सीसीटीवी कैमरा, हाई सिक्योरिटी ब्लॉक ए व बी का निरीक्षण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि बच्चों को खेल के सामान, किताबें, पेंटिंग की बुक, पुस्तक, पुष्टाहार की व्यवस्था करायें।

शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी डॉक्टर को डेंगू से बचाव बाबत मरीजों के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिये कि जेल में बन्द कैदियों से खानपान की जानकारी लेते रहें। प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिये कि मेन्यू के हिसाब से खाना दिया जाए। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी बैरक की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे चलते रहे।

उन्होंने प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिए कि कारागार में बन्द कैदियों का बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवायें दें। बाहर से कैदी जिला कारागार में आये हैं, उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य किया जाए। निरीक्षण दौरान अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कंकोरिया, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

मऊ में धनुष यज्ञ लीला का हुआ भव्य मंचन

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। नगर पंचायत मऊ के ऐतिहासिक/प्रसिद्ध रामलीला में श्री अनुष्ठानी रामलीला समिति ने धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया। क्षेत्र के दूरदराज से सैकड़ों लोग रामलीला में धनुष यज्ञ मंचन देखने को आये। क्षेत्रवासियों के सहयोग से कई दशकों से नगर पंचायत मऊ में रामलीला मंचन होता है। बाहरी कलाकार रामलीला का सुंदर अभिनय करते हैं।

शुक्रवार को हर वर्ष की भांति धनुष यज्ञ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विकास द्विवेदी उर्फ पिंटू द्विवेदी प्रधान महिला उपरहार ने रामलीला मंचन में सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। सहयोग देते हुए पुराने दिनों की याद करते हुए रामलीला उत्सव में सहभागिता को तत्पर रहते हुए देर रात तक लीला देखने की बात साझा की। विशेष आयोजन में श्रेयांश बाजपेयी उर्फ. बेटू, धनन्जय शुक्ला उर्फ राजा, प्रकाश शुक्ला समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

इस दौरान राम का किरदार निभा रहे मोहित शुक्ला, लक्ष्मण के किरदार में अजय शुक्ला, मां सीता के किरदार में मयंक शुक्ला, साथी कलाकार एवं सहयोगी के रूप में शंकरदत्त तिवारी, अमरजीत सिंह, राहुल शुक्ला, महेश तिवारी, सत्यम शर्मा, नर्तक के रूप में लखनलाल, पूजा रानी, रूपाली, हिना रानी आदि की कला क्षेत्रवासियों ने खूब सराही। इस मौके पर श्री अनुष्ठानी रामलीला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला, प्रबंधक सच्चिदानंद मिश्र, रामलीला संचालक जय प्रकाश तिवारी, कथा व्यास गुलाब सिंह, तबला वादक अश्वनी, राजा शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, बेटू वाजपेई, अमन शुक्ला समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे। इसके साथ नगर पंचायत मऊ में 18 दिनों तक चलने वाली रामलीला का समापन हो गया।

बांधों में पानी नहीं, किसान मायूस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के बरूआ बांध, ओहन बांध एवं रसिन बांध के किसानों से सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार ने कहा है कि मानसून अवधि में कम वर्षा से बरूआ बांध जलाशय में 1431 रबी फसली सिंचाई को 17 फीसदी, ओहन बांध जलाशय में 14 फीसदी, रसिन बांध जलाशय में 37 फीसदी पानी है।

शनिवार को उन्होंने बताया कि इस दशा में बरूआ बांध नहर संचालन महज 15 दिन, ओहन बांध से महज 14 दिन व रसिन बांध से महज 43 दिन प्रस्तावित है। जो 1431 रबी फसली को गेहूं फसल की पूर्ण सिंचाई कराने में असमर्थ है। उन्होंने इन बांधो से प्रभावित किसानों से कहा है कि नहर प्रणाली से सिंचाई को उपलब्ध पानी अनुसार कम पानी वाली ही फसल की बुआई करें। किसान अपनी सामर्थ्य व व्यवस्थानुसार फसल की बुआई करें।

बाल्मीकि-शरद पूर्णिमा पर नानाजी को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। महर्षि बाल्मीकि एवं शरद पूर्णिमा पर भारत रत्न नानाजी देशमुख जयंती पर सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी की अगुवाई में सांसद आरके सिंह पटेल, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने एयरपोर्ट पर शिष्टाचार स्वागत किया।

शनिवार को सूबे के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, सांसद आरके सिंह पटेल ने दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की मौजूदगी में नानाजी देशमुख की मूर्ति पर पुष्पाजलि कर सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि नानाजी का जीवन प्रेरणा का अक्षय श्रोत है। नानाजी ने विचार को जीवन मे जी कर दिखाया। नानाजी भारत के आत्मनिर्भरता व सवार्गीण विकास के लिये ग्राम संस्कृति को विश्व में प्रतिष्ठित करना चाहते थे। पं दीनदयाल उपाध्याय के विचार दर्शन को नानाजी ने धरातल पर मूर्त रूप दिया है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें नीति एवं निर्णयों से नानाजी को सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे है। कृषि कल्याण संस्कार युक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीब कल्याण की दिशा मे अभूतपूर्व कार्य नानाजी को सच्ची श्रद्धांजलि है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि नानाजी से प्रेरणा लेकर वे प्रतिपल ऊर्जा पा रहे हैं। सौभाग्य है कि नानाजी ने अपना कार्य क्षेत्र चित्रकूट में बनाया था। सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, आलोक पाण्डेय, आशीष रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य राजाराम पाल मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का अभ्यास वर्ग शुरू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर प्रान्त की दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग की शुरूवात मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर हुई।

शनिवार को जिले के आनन्द रिसार्ट में चल रहे अभ्यास वर्ग में प्रतिभागियों के पंजीकरण के बाद अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार की अगुवाई में हुई। उन्होंने शिक्षा के मूल्य पर रोशनी डाली। शिक्षक और समाज हित का चिन्तन कैसे हो। कैसे सम्यक चिन्तन हो सके, इस बारे में चर्चा की गई। मध्यावकाश में भोजन बाद प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने शिक्षा व शिक्षक के बारे में चर्चा की। कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। श्रीराम शुक्ल ने संकल्पना, रचना व उद्देश्य पर रुपरेखा पेश की।

कार्यकर्ता संवाद सत्र में विभिन्न जिलों से आये 123 प्रतिभागियों से विचार मांगे गये। जिलाध्यक्ष चित्रकूट चन्द्रप्रकाश द्विवेदी समेत बांदा, जालौन, महोबा ने विचार प्रकट किये।

धूमधाम से मनाई बाल्मीकि जयंती- भाजपा जिलाध्यक्ष समेत डीएम हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के लालापुर में रामायण रचयिता आदिगुरु महर्षि बाल्मीकि आश्रम में परंपरागत ढंग से बाल्मीकि जयंती मनाई गई। मंदिर के साधु-संतो ने सूबे के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रण भेजा था।

शनिवार को महर्षि बाल्मीकि इसी आश्रम की गुफा में बैठकर कठोर तप करते थे। रामायण की रचना की थी। ये आश्रम जिले के प्रयागराज-कर्वी मुख्य सडक पर लालापुर गांव के घने जंगल पहाड़ पर स्थित है। आज भी त्रेता युग के तमाम चिन्ह आश्रम में देखने को मिलते हैं। महंत भरतदास ने बताया कि यहां की मान्यता है कि इसी स्थान में भगवान श्रीराम ने माता सीता पर आरोप लगाने के बाद जंगल मे छोड़ा था। माता सीता ने महर्षि बाल्मीक आश्रम में समय व्यतीत किया था। उनकी जयंती पर भरत मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास महाराज, डीएम अभिषेक आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, डीसीबी अध्यक्ष योगेश जैन, भूपेंद्र द्विवेदी आदि ने पूजा अर्चना कर बाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई।

योजना पटेल ने महिलाओं को बताया एकजुटता का एजेंट, कहा- सुरक्षा की हैं अहम कारक

न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने शुक्रवार को वर्तमान सामाजिक परिदृश्य, बदलती दुनिया में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया और समाज की बेहतरी के लिए एकीकृत दृष्टिकोण की जरूरत पर प्रकाश डाला। यूएन में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने कहा, महिलाएं सामाजिक परिवर्तन और सामाजिक एकजुटता की एजेंट हैं और सुरक्षा की अहम कारक हैं। योजना पटेल ने सिद्धांत से व्यवहार तक अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में महिलाओं की भागीदारी विषय पर एक बहस को संबोधित करते हुए कहा, अब सार्वभौमिक रूप से मान लिया गया है कि लैंगिक समानता की उपलब्धि और महिलाओं का सशक्तिकरण, अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण कारक हैं। स्थायी शांति के लिए सुरक्षा, विकास, मानवाधिकार-कानूनी शासन व समानता के स्तंभों के बीच सामंजस्य के आधार पर एक एकीकृत दृष्टिकोण की जरूरत होती है।

इस संदर्भ में, यूएनएससी संकल्प 1325 पथ-प्रदर्शक था क्योंकि पहली बार, इसने लैंगिक समानता और अंतरराष्ट्रीय शांति-सुरक्षा के रखरखाव को जोड़ा था। इसने संघर्षों को हल करने और शांति हासिल करने की कुंजी के रूप में महिलाओं की भागीदारी को भी मान्यता दी थी। भारत ने राजनीतिक संवाद में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व का भी जिक्र किया।

महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाएं

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने कहा, वर्षों से हमने डब्ल्यूपीएस एजेंडे के मानक ढांचे को मजबूत होते देखा है। हालांकि, इसके बावजूद, महिलाओं को अभी भी शांति प्रक्रियाओं, राजनीतिक संवादों और शांति निर्माण में नियमित रूप से कम प्रतिनिधित्व दिया जाता है। उदाहरण के लिए, लगभग 95,000 शांति सैनिकों में से, महिलाएं सैन्य टुकड़ियों में केवल 4.8% हैं। अतः जरूरी है, कि हम महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाएं।

भारत ने की इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष और हिंसा रोकने की अपील

न्यूयॉर्क

इस्राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और नागरिकों की जान की क्षति पर चिंतित भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दोनों पक्षों से तनाव कम करने, हिंसा से दूर रहने का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को संयुक्त राष्ट्र महासभा के आपातकालीन विशेष सत्र में इस्राइल-हमास युद्ध पर अपनी टिप्पणी में कहा कि भारत बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और आश्चर्यजनक नुकसान पर गहराई से चिंतित है। जारी संघर्ष में नागरिकों की जान जा रही है। क्षेत्र में शत्रुता बढ़ने से मानवीय संकट और बढ़ेगा। सभी पक्षों के लिए अत्यधिक जिम्मेदारी प्रदर्शित करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा इस्राइल-फलस्तीन के लिए बातचीत के जरिए दो-राज्य समाधान का समर्थन किया है। सुश्री पटेल ने कहा कि भारत विभिन्न पक्षों से तनाव कम करने, हिंसा से दूर रहने और सीधी शांति वार्ता की जल्द बहाली के लिए स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करता है।

भारत ने हमेशा किया दो देश समाधान का समर्थन

भारत ने हमेशा इस्राइल-फलस्तीन मुद्दे पर बातचीत के जरिए दो-देश समाधान का समर्थन किया है, जिससे इजरायल के साथ शांति से सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर रहने वाले फलस्तीन के एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य राज्य की स्थापना हो सके। इसके लिए, हम आग्रह करते हैं योजना पटेल ने कहा, पार्टियों को तनाव कम करना होगा, हिंसा से बचना होगा और सीधी शांति वार्ता की शीघ्र बहाली के लिए स्थितियां बनाने की दिशा में काम करना होगा।

बिजनेस डायरी

यूनिवर्सिटी छात्रा से दुष्कर्म का दोषी पाया गया भारतीय मूल का युवक, 16 साल की हुई जेल

सिंगापुर

सिंगापुर की एक अदालत ने यूनिवर्सिटी छात्रा से दुष्कर्म के मामले में भारतीय मूल के युवक को 16 साल जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी को 12 कोड़े भी मारने की भी सजा दी है। दोषी को छात्रा का अपहरण और चोरी का भी दोषी पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 26 साल का चिन्नैया एक सफाई कर्मचारी है, जो लंबे समय से पीड़ित छात्रा का पीछा कर रहा था।

अपहरण और चोरी का भी पाया गया दोषी

खबर के अनुसार, 4 मई 2019 को चिनैया ने पीड़िता को देर रात में बस स्टॉप पर जाते देखा। जिसके बाद चिनैया ने पीड़िता पर हमला कर उसे सुनसान जगह पर खींचकर ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। हमले में पीड़िता बुरी तरह घायल भी हुई। जब पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया तो पीड़िता के दोस्त उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। इस मामले की सुनवाई चार साल तक चली और अब अदालत ने चिनैया को दोषी ठहराते हुए सजा का एलान किया है।

अदालत ने सुनाई 16 साल जेल की सजा

पीड़िता ने बताया कि चिनैया दुष्कर्म के बाद उसे मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद पीड़िता ने अपने फोन से अपने दोस्तों को फोन किया। जिसके बाद पीड़िता के दोस्त मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अगले दिन यानी कि 5 मई 2019 में ही चिनैया को गिरफ्तार कर लिया था। अभियोजन पक्ष ने दोषी को 15-17 साल जेल और 16-18 कोड़े मारने की सजा की मांग की थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म के साथ ही उसके खिलाफ हिंसा और बर्बरता भी की। हालांकि अदालत ने दोषी को 16 साल जेल और 12 कोड़े मारने की सजा दी।

अफगानिस्तान के काबुल शहर में बम विस्फोट में चार लोगों की मौत

काबुल

अफगानिस्तान के काबुल शहर में बम विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि काबुल के 18वें जिले के दश्त-ए-बारची इलाके में यह विस्फोट हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट एक स्पोर्ट्स हॉल में किया गया।

म्यांमार में आया भूकंप

म्यांमार में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि सुबह 4:53 बजे भूकंप आया, रिक्टर स्केल पर जिसकी तीव्रता 4.5 मापी गई।

मालदीव के नए राष्ट्रपति की भारतीय सैनिकों को हटाने पर बातचीत शुरू

मालदीव ने अपनी सैन्य उपस्थिति को हटाने के लिए भारत के साथ बातचीत शुरू कर दी है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शुक्रवार ब्लूमबर्ग में छपे एक साक्षात्कार में कहा कि नई दिल्ली और दोनों इस क्षेत्र में प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। पिछले माह राष्ट्रपति इब्राहिम सालेह को अपदस्थ करने वाले मुइज्जू ने देश से भारतीय सैनिकों को हटाने का संकल्प लिया था। मालदीव में लगभग 70 भारतीय सैन्यकर्मी नई दिल्ली प्रायोजित रडार स्टेशनों और निगरानी विमानों का रखरखाव करते हैं।

मलयेशिया ने सुल्तान इब्राहिम को अगला राजा नियुक्त किया

मलयेशिया के शाही परिवारों ने दक्षिणी राज्य जोहोर के शक्तिशाली और मुखर सुल्तान इब्राहिम सुल्तान इस्कंदर को देश का अगला सम्राट चुना है। देश में सम्राट बड़े स्तर पर औपचारिक भूमिका निभाता है, लेकिन लंबे समय तक राजनीतिक अस्थिरता के कारण हाल के वर्षों में राजशाही अधिक प्रभावशाली हो गई है। मलयेशिया में नौ शाही परिवारों के मुखिया बारी-बारी से पांच साल के कार्यकाल के लिए राजा बनते हैं।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

अमेरिका ने इस्राइल को हमास पर हमले की दी खुली छूट, कहा- दोस्ती के नाते मदद कर रहे

वॉशिंगटन

इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले तेज कर दिए हैं और साथ ही इस्राइली सेना गाजा पट्टी में जमीनी हमला शुरू करने की भी तैयारी कर रही है। इस बीच अमेरिका ने कहा है कि उन्होंने इस्राइल को खुली छूट दी हुई है और वह उसे रोकने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की नेशनल सिक्योरिटी के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि गाजा पट्टी में इस्राइल के जमीनी हमला कितना बड़ा होगा और कितना लंबा चलेगा, वह इसके बारे में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।

क्या कहा अमेरिका ने

जॉन किर्बी ने कहा कि 'अमेरिका, इस्राइल द्वारा आत्मरक्षा में उठाए जा रहे कदम का समर्थन करता है और वह इस्राइल को रोकने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। किर्बी ने कहा कि अमेरिका लगातार इस इस्राइल से बात पर चर्चा कर रहा है कि गाजा में आम नागरिकों की सुरक्षा होनी चाहिए, हमास द्वारा अगवा इस्राइली नागरिकों की सुरक्षित वापसी होनी चाहिए और जमीनी हमले के बाद क्या हो सकता है, इस पर भी लगातार चर्चा की जा रही है।' किर्बी ने कहा कि 'शुरू से ही हम इस्राइल के संपर्क में हैं। हमें आम नागरिकों की चिंता है और हमे इस बारे में बात करने में कोई झिझक नहीं है। साथ ही लड़ाई में क्या नुकसान हो सकता है इस पर भी चर्चा की जा रही है। हम दोस्त हैं और दोस्त यही करते हैं।

जल्द जमीनी हमला कर सकता है इस्राइल

शुक्रवार की रात इस्राइल ने गाजा पट्टी पर हमले तेज कर दिए हैं। साथ ही गाजा पट्टी में इंटरनेट और संपर्क के अन्य साधन भी बंद कर दिए गए हैं ताकि गाजा के लोग एक दूसरे से संपर्क ना कर सकें। इस्राइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा कि अपने उद्देश्यों को पाने के लिए हमने हमले तेज कर दिए हैं। जमीनी हमला भी जल्द शुरू होने वाला है।

बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच जारी लड़ाई को 22 दिन का समय बीत चुका है और अब तक इस लड़ाई में 8500 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से गाजा पट्टी में 7300 लोगों की जान गई है और 14 लोग इस्राइल में मारे गए हैं।

अमेरिकी बमवर्षक विमान से मात्र 10 फीट दूरी से गुजरा चीनी जेट

अमेरिकी सेना ने कहा है कि मंगलवार को चीन का एक लड़ाकू जेट दक्षिण चीन सागर के ऊपर उड़ रहे अमेरिकी बी-52 बमवर्षक विमान के 10 फीट के दायरे में आ गया। इस दौरान लगभग एक बड़ी दुर्घटना होते टली। सेना के मुताबिक शेनयांग जे-11 जुड़वां इंजन वाला लड़ाकू जेट अनियंत्रित गति से नीचे, सामने और बी-52 के काफी नजदीक उड़ान भरते हुए आया। इससे दोनों विमान खतरे में पड़ गए।

अमेरिका के आरोप से भड़के ईरान ने दी चेतावनी, कहा- 'अगर यही करता रहा तो उसके खिलाफ खुलेंगे नए मोर्चे'

तेहरान

इस्राइल-हमास के बीच पिछले कई सप्ताह से युद्ध जारी है, जिसमें साढ़े सात हजार लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच, इस्राइल का समर्थन कर रहे अमेरिका से ईरान चिढ़ गया है। उसने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका अपना समर्थन इस्राइल के लिए जारी रखेगा तो उसके खिलाफ नए मोर्चे खुल जाएंगे।

हालांकि, विदेश मंत्री हुसैन अमीरअब्दुल्लाहियान ने इस बात से इनकार कर दिया है कि ईरान ने हाल के दिनों में सीरिया और इराक में समूहों को अमेरिकी बलों को निशाना बनाने का निर्देश दिया था। विदेश मंत्री ने कहा कि यह वाशिंगटन था ना कि तेहरान, जो इस्राइल-हमास की जंग के बीच हिंसा को बढ़ावा दे रहा था

दूसरों को दे रहा शांति की सलाह

अमीरअब्दुल्लाहियान ने कहा, अमेरिका दूसरों को शांति से काम लेने की सलाह दे रहा है, लेकिन उसने पूरी तरह से इस्राइल का पक्ष लिया है। अगर अमेरिका अब तक जो करता रहा है, उसे ऐसे ही जारी रखेगा तो अमेरिका के खिलाफ नए मोर्चे खुल जाएंगे।

उन्होंने कहा, मैं सिर्फ चेताना चाहता हूं कि अगर ऐसे ही गाजा में महिलाओं और बच्चों की हत्या होती रही तो हालात नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे। इसलिए अमेरिका को तय करना चाहिए क्या वह वास्तव में युद्ध को बढ़ाना चाहता है?

अमेरिका ने लगाया था ये आरोप

गौरतलब है, अमेरिका ने हाल ही में कहा था कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े दो सीरियाई प्रतिष्ठानों पर उसने सैन्य हमले किए, जिनका इस्तेमाल क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ हमला करने के लिए किया गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि उनके पास इस बात का सबूत नहीं हैं कि ईरान ने स्पष्ट रूप से उन हमलों

पैराग्लाइडर्स के जरिए इस्राइल में आतंकी भेजने वाले हमास के हवाई अभियानों के प्रमुख की मौत: आईडीएफ

गाजा पट्टी पर इस्राइली वायुसेना के हमले में करीब 7500 से ज्यादा की जान गई है। इस्राइल की तरफ से गाजा पट्टी पर ऐसे ही एक हमले में हमास आतंकी असेम अबु रकाबा की मौत हो गई

यरुशलम

इस्राइल-हमास संघर्ष को तीन हफ्ते हो चुके हैं। दोनों ही तरफ से अब तक यह टकराव नहीं रुका है। हमास के हमले में इस्राइल के 1400 से ज्यादा नागरिकों की मौत हुई है। वहीं, गाजा पट्टी पर इस्राइली वायुसेना के हमले में करीब 7500 से ज्यादा की जान गई है। इस्राइल की तरफ से गाजा पट्टी पर ऐसे ही एक हमले में हमास आतंकी असेम अबु रकाबा की मौत हो गई है। बताया गया है कि रकाबा हमास की उस यूनिट का प्रमुख था, जिसने इस्राइल में पैराग्लाइडर्स के जरिए आतंकियों को सीमापार कराने की साजिश रची थी।

इस्राइली सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अबु रकाबा हमास की तरफ से इस्राइल पर सात अक्तूबर के हमले की साजिश रचने का जिम्मेदार था।

गौरतलब है कि आईडीएफ को एक दिन पहले भी बड़ी सफलता मिली थी। सेना ने हमास के पश्चिमी खान यूनिस बटालियन के कमांडर मदथ मुबशर को मार गिराया गया। गुरुवार रात इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के हवाई हमले में कमांडर मदथ के मारे जाने की पुष्टि खुद इस्राइली रक्षा बलों ने की।

इस्राइली सेना के मुताबिक, रकाबा हमास के हवाई अभियानों का प्रमुख था। वह इस्राइल के मिलिट्री पोस्ट्स पर ड्रोन हमले का भी मास्टरमाइंड रहा

गाजा पट्टी में लगातार लक्षित हमलों को अंजाम दे रहा इस्राइल

सेना ने एक बयान में कहा, लगातार दूसरी रात, इस्राइली सैनिकों ने गाजा के अंदर लक्षित हमले किए। क्ऋहमास के खिलाफ संघर्ष में अगले चरण के लिए तैयार है। इस्राइली सेना ने कहा, आईडीएफ ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में हमास के 250 से अधिक ठिकानों पर भी हमला किया।